

हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 1 जनवरी 2024
भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

नववर्ष का नव प्रभात लाएगा नई उम्मीदें
शहरवासियों की नवचेतना से टूटेंगी गहरी नींदें
लगन और परिश्रम की हसीन पलकों पर
अब साकार होंगे सुनहरे मासूम सपने
एकता और भाईचारे से मिट जाएंगे सारे भेद
न होगा कोई पराया और होंगे सब अपने।

## दो नए फ्लाईओवर, सुपेला अंडरब्रिज, आईटी और ईएसआई हॉस्पिटल जैसी सुविधाएं मिलेंगी शहरवासियों को

# नववर्ष में ट्विनसिटी का दिखेगा नया स्वरूप


*हरिभूमि न्यूज :भिलाई। ट्विनसिटी ने वर्ष 2023 की बिदाई और नववर्ष 2024 का जबर्दस्त स्वागत किया । नए साल में ट्विनसिटी का नया स्वरूप दिखेगा। दो नए फ्लाईओवर डबरा पारा और कुम्हारी फ्लाईओवर से आवागमन शुरु हो जाएगा। दो साल से निर्माणाधीन सुपेला अंडरब्रिज भी शुरु होगा। शिक्षा के क्षेत्र में आईटी और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ईएसआई हॉस्पिटल जैसी सुविधाएं शहरवासियों को मिलेगी। कृषि के क्षेत्र में भी दुर्ग जिले में बदलाव आएगा। यहां के किसान पॉमआइयल की खेती कर रहे है। रोजगार की दिशा में रेडीमेंड गारमेंट फैक्ट्री खुलेगा। पर्यटन के क्षेत्र में ठंगड़ाबांध दुर्ग विकसित हुआ है।*

### ईएसआई सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल



स्मृतिनगर भिलाई में इस साल ईएसआई सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल शुरू हो जाएगा। 200 बिस्तर वाले इस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में अत्याधुनिक लैब, ब्लड बैंक, ट्रामा सेंटर, सिटी स्कैन, अत्याधुनिक मशीनें, आपरेशन थियेटर सब कुछ होगा। एक बार बीमार व्यक्ति अस्पताल में भर्ती होगी तो उसकी सभी तरह की जांच वहीं होगी तथा उसका पूरा इलाज होगा। 100 करोड़ की लागत से अस्पताल तैयार किया गया है। इससे 60 हजार ईएसईसी कार्डधारियों को फायदा मिलने वाला है।

### दो फ्लाईओवर होंगे शुरू



ट्विनसिटी के बीचोंबीच नए साल में दो और नए फ्लाईओवर शुरू होंगे। 55.19 करोड़ की लागत से भिलाई तीन डबरापारा फ्लाईओवर का निर्माण लगभग पूरा कर लिया गया है। इसी तरह कुम्हारी फ्लाईओवर 49.26 करोड़ की लागत से तैयार किया जा रहा है। दोनों फ्लाईओवर का फिनीशिंग वर्क अंतिम दौर में है। जनवरी से मार्च तक दोनों फ्लाईओवर शुरू हो जाएगा।

### सुपेला अंडरब्रिज से आवागमन



नववर्ष में सुपेला अंडरब्रिज आवागमन के लिए खुल जाएगा। 37 करोड़ की लागत से बन रहे यह अंडरब्रिज 80 फीसदी बनकर तैयार हो गया है। अब फिनिशिंग वर्क चालू कर दिया गया है। दो साल से यह ब्रिज बन रहा है। सेक्टर और पटरीपार एरिया को जोड़ने वाले इस ब्रिज से लाखों लोगों को बड़ी सुविधा मिल जाएगी।

**रोजगार...**

### गारमेंट फैक्टरी में तैयार होंगे रेडिमेड कपड़े



भिलाई निगम आईआईटी मैदान के बाजू में गारमेंट फैक्टरी बना रहा है। नए साल में इस फैक्टरी से रेडिमेड कपड़े बनकर मार्केट में आने लगेंगे। 10 करोड़ की लागत से यहां कपड़े कटिंग व सिलाई मशीनें लाई जाएगी। इस फैक्टरी में 700 महिलाएं रोजगार से जुड़ेंगी। निगम द्वारा तैयार रेडिमेड कपड़े यहां के लोग खरीद सकेंगे।

**पर्यटन...**

### पहली बार ठगड़ाबांध में बोटिंग का आनंद

इस नए साल में पहली बार ठगड़ाबांध में लोग पयर्टन के लिए पहुंचेंगे। 14 करोड़ की लागत से तैयार ठगड़ाबांध में बोटिंग का आनंद लोग ले सकेंगे। पूरे बांध क्षेत्र को रौशन किया जा रहा है। सेल्फी साइड भी बनाया गया है। जहां सूरजमुखी की आकृति वाले सेल्फी जोन लोगों के लम्हों को यादगार बनाएंगे। ओवरब्रिज के ठीक नीचे साइड पर लोगों के खाने -पीने की सुविधा भी शुरू की गई है। जिसमें चाइनीज से लेकर सभी तरह के व्यंजन उपलब्ध रहेंगे।



**टेक्नीकल...**

### आईटी पार्क दुर्ग में

नए साल में दुर्ग पॉलिटेक्नीक कॉलेज के पास आईटी पार्क खोला जाएगा। इससे यहां के युवाओं को रोजगार के लिए बेंगलूर, पूणे, दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों में रोजगार की तलाश के लिए पलायन नहीं करना पड़ेगा। 80 एकड़ क्षेत्रफल को आईटी पार्क निर्माण के लिए चिहिंत कर लिया गया है।

### आईआईटी में भावी इंजीनियर तैयार



देशभर के प्रौद्योगिकी संस्थानों में भिलाई आईआईटी शुमार हो गया है। एक हजार करोड़ की लागत से कुठेलाभाठा में आईआईटी कैंपस पूरी तरह तैयार हो गया है। दाखिले भी शुरू हो गए हैं।साढ़े 4 एकड़ क्षेत्रफल में फैले इस आईआईटी ने नए साल में कई नई टेक्नोलॉजी विद्यार्थी देंगे। वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसकी नींव रखी थी।

**कृषि...**

### पाम ऑयल की खेती से किसान होंगे समृद्ध



जिले में इस नए साल में कृषक पाम ऑयल की खेती से समृद्ध होने जा रहे हैं। दुर्ग जिले में 100 एकड़ क्षेत्रफल में पाम ऑयल की खेती शुरू की गई है। टेमरी, फुंडा, सिलतरा, बोरी सहित कई गांव के किसानों ने परंपरागत खेती के बजाय इनकम वाली खेती पर केंद्रित होने की कोशिश शुरू की है। एक एकड़ में 8 से 10 टन उत्पादन पाम की होगी।

## विधायक रिकेश के निर्देश के बाद नगर निगम का प्रयास रंग लाया

# व्यवस्थित स्वरूप में हो गया सुपेला का बेतरतीब संडे मार्केट

हरिभूमि न्यूज ▸▸भिलाई

रविवार के दिन सुपेला घड़ी चौक से लेकर गदा चौक तक की सड़क जो कि और दिनों काफी संकरी नजर आती थी और संडे मार्केट लगने के कारण 40-40 फीट की सड़क 10 फीट की रह जाती थी। इसके कारण आवाजाही में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। नजारा ऐसा होता था कि लोगों की बाइक तक जाम में फंस जाती, और तो और आपात स्थिति में एंबुलेंस के लिए भी रास्ता नहीं मिल पाता था। रविवार के दिन ऐसी दिखने वाली सड़क इस बार आम दिनों की तरह ही दिखी। दोनों ओर लोगों को खुली जगह



मिली, कार से लेकर बड़े वाहन भी आसानी से जाते दिखे। आने-जाने वाले राहगीर भी रविवार के दिन इस सड़क को इतना खाली देख चौंके गए। दरअसल वैशाली विधायक रिकेश सेन ने संडे मार्केट की उस अव्यवस्था पर अंकुश लगा दिया जिससे संडे के रोज यह बाजार पूरी तरह बेतरतीब और जाम जैसा हो जाता था।

रविवार को सुपेला के संडे मार्केट का नजारा आज कुछ अलग ही दिखा। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की चेतावनी का ऐसा असर हुआ कि सड़क पर एक भी दुकान नहीं लगी।

रविवार को दोनों ओर के दुकानदारों ने भिलाई निगम द्वारा की गई मार्किंग का सम्मान किया और दुकानों को तय सीमा के भीतर ही लगाया। यही नहीं ग्राहक भी सजग दिखे और अपनी गाड़ियों को तय जगह व पार्किंग प्लेस पर ही रखा। इससे पूरे बाजार में कहीं भी जाम जैसी स्थिति नहीं दिखी। भिलाई के सबसे चर्चित इस संडे बाजार में हर रविवार को भारी भीड़ लगती रही है।

### अधिकारियों के पूर्व में किए गए प्रयास हो जाते रहे विफल

मार्केट की व्यवस्था बनाने समय-समय पर कई आईएएस-आईपीएस और प्रशासनिक अधिकारियों ने काफी प्रयास किए, कुछ दिन व्यवस्था जमी भी दिखी लेकिन फिर वही हाल हो जाता था। सालों से यहां दुकानदार बीच सड़क तक दुकान लगाते रहे जिससे मुख्य मार्ग दोनों ओर से जाम हो जाता है। प्रशासन द्वारा यहां के दुकानदारों को समझाया और सीमा तय की लेकिन कभी यहां की व्यवस्था में सुधार नहीं आया लेकिन इस रविवार को यहां का नजारा कुछ अलग ही दिखा। वैशाली नगर के नवनिर्वाचित विधायक रिकेश सेन की चेतावनी व भिलाई निगम के संयुक्त प्रयास से सुपेला का संडे मार्केट जाम से मुक्त दिखा। राहगीर काफी खुश दिखे क्योंकि दुकानदारों के कारण किसी भी प्रकार का जाम नहीं लगा।



# CALENDAR-2024

**नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं**

### JANUARY

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| SUN | | 07 | 14 | 21 | 28 |
| MON | 01 | 08 | 15 | 22 | 29 |
| TUE | 02 | 09 | 16 | 23 | 30 |
| WED | 03 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| THU | 04 | 11 | 18 | 25 | |
| FRI | 05 | 12 | 19 | 26 | |
| SAT | 06 | 13 | 20 | 27 | |

### FEBRUARY

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| SUN | | 04 | 11 | 18 | 25 |
| MON | | 05 | 12 | 19 | 26 |
| TUE | | 06 | 13 | 20 | 27 |
| WED | | 07 | 14 | 21 | 28 |
| THU | 01 | 08 | 15 | 22 | 29 |
| FRI | 02 | 09 | 16 | 23 | |
| SAT | 03 | 10 | 17 | 24 | |

### MARCH

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| SUN | 31 | 03 | 10 | 17 | 24 |
| MON | | 04 | 11 | 18 | 25 |
| TUE | | 05 | 12 | 19 | 26 |
| WED | | 06 | 13 | 20 | 27 |
| THU | | 07 | 14 | 21 | 28 |
| FRI | 01 | 08 | 15 | 22 | 29 |
| SAT | 02 | 09 | 16 | 23 | 30 |

### APRIL

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| SUN | | 07 | 14 | 21 | 28 |
| MON | 01 | 08 | 15 | 22 | 29 |
| TUE | 02 | 09 | 16 | 23 | 30 |
| WED | 03 | 10 | 17 | 24 | |
| THU | 04 | 11 | 18 | 25 | |
| FRI | 05 | 12 | 19 | 26 | |
| SAT | 06 | 13 | 20 | 27 | |

### MAY

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| SUN | | 05 | 12 | 19 | 26 |
| MON | | 06 | 13 | 20 | 27 |
| TUE | | 07 | 14 | 21 | 28 |
| WED | 01 | 08 | 15 | 22 | 29 |
| THU | 02 | 09 | 16 | 23 | 30 |
| FRI | 03 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| SAT | 04 | 11 | 18 | 25 | |

### JUNE

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| SUN | 30 | 02 | 09 | 16 | 23 |
| MON | | 03 | 10 | 17 | 24 |
| TUE | | 04 | 11 | 18 | 25 |
| WED | | 05 | 12 | 19 | 26 |
| THU | | 06 | 13 | 20 | 27 |
| FRI | | 07 | 14 | 21 | 28 |
| SAT | 01 | 08 | 15 | 22 | 29 |

### JULY

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| SUN | | 07 | 14 | 21 | 28 |
| MON | 01 | 08 | 15 | 22 | 29 |
| TUE | 02 | 09 | 16 | 23 | 30 |
| WED | 03 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| THU | 04 | 11 | 18 | 25 | |
| FRI | 05 | 12 | 19 | 26 | |
| SAT | 06 | 13 | 20 | 27 | |

### AUGUST

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| SUN | | 04 | 11 | 18 | 25 |
| MON | | 05 | 12 | 19 | 26 |
| TUE | | 06 | 13 | 20 | 27 |
| WED | | 07 | 14 | 21 | 28 |
| THU | 01 | 08 | 15 | 22 | 29 |
| FRI | 02 | 09 | 16 | 23 | 30 |
| SAT | 03 | 10 | 17 | 24 | 31 |

### SEPTEMBER

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| SUN | 01 | 08 | 15 | 22 | 29 |
| MON | 02 | 09 | 16 | 23 | 30 |
| TUE | 03 | 10 | 17 | 24 | |
| WED | 04 | 11 | 18 | 25 | |
| THU | 05 | 12 | 19 | 26 | |
| FRI | 06 | 13 | 20 | 27 | |
| SAT | 07 | 14 | 21 | 28 | |

### OCTOBER

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| SUN | | 06 | 13 | 20 | 27 |
| MON | | 07 | 14 | 21 | 28 |
| TUE | 01 | 08 | 15 | 22 | 29 |
| WED | 02 | 09 | 16 | 23 | 30 |
| THU | 03 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| FRI | 04 | 11 | 18 | 25 | |
| SAT | 05 | 12 | 19 | 26 | |

### NOVEMBER

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| SUN | | 03 | 10 | 17 | 24 |
| MON | | 04 | 11 | 18 | 25 |
| TUE | | 05 | 12 | 19 | 26 |
| WED | | 06 | 13 | 20 | 27 |
| THU | | 07 | 14 | 21 | 28 |
| FRI | 01 | 08 | 15 | 22 | 29 |
| SAT | 02 | 09 | 16 | 23 | 30 |

### DECEMBER

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| SUN | 01 | 08 | 15 | 22 | 29 |
| MON | 02 | 09 | 16 | 23 | 30 |
| TUE | 03 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| WED | 04 | 11 | 18 | 25 | |
| THU | 05 | 12 | 19 | 26 | |
| FRI | 06 | 13 | 20 | 27 | |
| SAT | 07 | 14 | 21 | 28 | |




























## खबर संक्षेप

### सवा लाख हनुमान चालीसा का पाठ आज

**भिलाई।** जय हनुमान सेवा वाहिनी द्वारा सेक्टर 9 स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में शाम 5 बजे से सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया है। आचार्य कान्हा महराज व आचार्य देवा महराज चालीसा का पाठ करेंगे। इस अवसर पर भिलाई विधायक देवेंद्र यादव और वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## निधन

### सुजैन चेरियन

**भिलाई।** केरल में एसएसएस सेक्टर 4 की पूर्व शिक्षिका सुजैन



चेरियन का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 जनवरी को चेंगन्नूर में पुलियूर मार्थोमा चर्च में होगा। वे जकारिया चेरियन की पत्नी और रेनो की मां थीं।

### वर्षा मेश्राम

**भिलाई।** कोसानगर निवासी वर्षा



मेश्राम का निधन 31 दिसंबर को सड़क दुघर्टना में हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार 1 जनवरी 2024 को सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जायेगा। वे राजेश मेश्राम की पत्नी थीं।

### ग्रेसी चेरियन

**भिलाई।** पैराडाइज कॉलोनी, बोरसी निवासी ग्रेसी चेरियन उम्र



84 वर्ष का निधन 30 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 31 दिसंबर को दोपहर 12 बजे नेहरु नगर क्रिश्चियन कब्रिस्तान में किया गया। वे पुष्पा एम्ब्रोज, मिनी सुज़ैन, बीना डोमनिक, उषा चटर्जी, लता जोसेफ की मां और जूड़ एम्ब्रोज, जोसेफ जकरिया, केआर डोमनिक, डॉ. पी चटर्जी और इसाडोर की सास थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड गई है।

### मोंगराबाई शुक्ला

**जामगांव आर।** जामगांव आर



निवासी मोंगराबाई शुक्ला का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रविवार को जामगांव आर मुक्तिधाम में किया गया। वे दीपक, पुरोहित व मुकेश शुक्ला की मां थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड गई है।

### पार्वती साहू

**सेलूद।** बावाकुटी सेलूद निवासी



पार्वती साहू उम्र 80 वर्ष का निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 31 दिसम्बर को सेलूद हाईस्कूल स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. बलीराम साहू की पत्नी एवं मुरली, उमा, लवण व लिखन साहू की मां थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड गई है।

## नगपुरा और बोरई में विकसित भारत संकल्प यात्रा में विधायक हुए सम्मिलित

# कृषि, स्वास्थ्य और अन्य सेवाएं द्वार तक पहुंचाने किया जा रहा अभिनव प्रयासः ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत नगपुरा और बोरई में विकसित भारत संकल्प यात्रा में विधायक ललित चंद्राकर उपस्थित हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने का सपना देखा है। एक विकासशील राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए क्या आवश्यकताएं होती है, इसको एक विजन के रूप में प्रधानमंत्री पूरा कर रहे है।

विकसित भारत की संकल्पना के साथ रथ निकाले जा रहे है, इसमें गरीब लोगों के लिए जितनी भी सेवाएं उपलब्ध है जैसे कृषि, स्वास्थ्य, आधार सहित अन्य सेवाएं उनके द्वार तक शत-प्रतिशत पहुंचाने का अभिनव प्रयास किया जा रहा है।

### दुर्ग ग्रामीण विकसित राष्ट्र बनाने का सपना विजन के रूप में पूरा कर रहे प्रधानमंत्रीः विधायक चंद्राकर





यह रथ प्रत्येक ग्राम पंचायत में जायेगी जहां 17 प्रकार की विभागीय सेवाओं का स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी के साथ सेवा प्रदान की जाएगी। उन्होंने सभी लोगों को योजनाओं का लाभ लेने अपील की।

इस कार्यक्रम में ग्राम के अध्यक्ष गिरेश साहू, सरपंच भूपेंद्र रिगरी, उपसरपंच इतवारी राम निषाद, मन्नू लाल यादव, देवसिंह, परमानंद, इलेश्वर, तीजन बाई, बदुरी बाई, पूर्णिमा देवांगन, रेनू धनकर, गायत्री धनकर सहित उन्नत कृषि का निर्माण करने वाले ज्ञवेन्द्र भूषण वैष्णव ने सम्मान किया गया।

### महिला को मिला उज्जवला गैस कनेक्शन का लाभ

विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर आज 5 हितग्राहियों को उज्जवला गैस कनेक्शन से लाभान्वित किया गया। जिसमें सकली देवी केंवट, राधा महंत, अंजली झा, सरस्वती साहू एवं गीता देवी शामिल थी। सभी महिलाएं उज्जवला गैस कनेक्शन पाकर काफी खुश नजर आयी।

## निकुम में एटीएम नहीं होने से परेशानी ग्राहकों से सेवा केंद्र में मनमानी लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ग्राम पंचायत निकुम को पंचायती राज पुरुस्कार का तमगा पहना गया। लेकिन जिम्मेंदार अधिकारियों की अनदेखी के कारण कई सुविधाओं के लिए आम नागरिक वंचित है। एटीएम की सुविधा नही मिलने से एटीएम कार्डधारी परेशान है जबकि लोगों को बैंक में एटीएम कार्ड जारी कर दिये जाते है और कार्ड का चार्ज भी लिया जाता है। निकुम से 11 किमी दूर अंडा, अंजोरा, सोमनी, कोलिहापुरी में एटीएम है, जिसके कारण पैसा निकालने कोसो दूर जाकर पसीना बहाना पड़ता है। निकुम में स्कूल, कालेज, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, आत्मानंद स्कूल, हाटबाजार व रुदा, भोथली, आलबरस, गोड़ेला, खुर्सीपार, मासभाट, आमटी, खुरसुल सहित 15 गांवों के प्रमुख सेंटर में एटीएम सुविधा नही मिलना दुर्भाग्य है। वहीं ग्राहक सेवा केन्द्रो व लोक सेवा केन्द्रों में अन्य बैंक का पैसा लेन-देन करने पर 10 प्रतिशत राशि अतिरिक्त देना आमजनों की मजबूरी बन गई है। जमा व निकासी के नाम पर जमकर लूट हो रही है।

- एटीएम की सुविधा नही मिलने से एटीएम कार्डधारी परेशान
- 15 गांवों के प्रमुख सेंटर में एटीएम सुविधा नही मिलना दुर्भाग्य

ग्राहक व लोक सेवा केन्द्र से दस हजार निकालने पर सौ रुपये अतिरिक्त देना लोगो की मजबूरी बन गई है। ग्राम निकुम के दिनेश साहू ने कहा कि ग्रामीणों को एटीएम की सुविधा मिलनी चाहिए। तीन महीने पहले निजी एटीएम बंद हो गया। जबकि किसानों को धान की राशि निकालने कालेज के बच्चों, व्यापारियों को लेन देने करने एटीएम की जरुरत पड़ती है, लेकिन एटीएम मशीन की सुविधा नही होने से निराश होना पड़ता है। सेवा सहकारी समिति निकुम व छ.ग.राज्य ग्रामीण बैंक निकुम में एटीएम कार्ड मिला तो है जो सिर्फ पर्स की शोभा बढ़ा रहा है।

### कुथरेल में रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता आज

**अंडा।** ग्राम कुथरेल में नवयुवक समिति आबादी पारा एवं ग्रामवासियों के सहयोग से रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम कुथरेल में आज आयोजित किया गया था। सभी विजेता प्रतिभागियों को नगद राशि से पुरस्कृत किया जायेगा। प्रतियोगिता को तीन समूहों में बांटा गया है जिसमें एकल, युगल और सामूहिक डांस में प्रतिभागी अपना हुनर दिखाने भाग ले सकते हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष शैलेष निर्मलकर ने बताया कि यह प्रतियोगिता का द्वितीय वर्ष है इसके आयोजन को लेकर कार्यकर्ता, प्रतिभागियों एवं ग्रामवासियों में काफी उत्साह है। आयोजन की तैयारी में उपाध्यक्ष दौलत सिन्हा, सचिव अजय देशमुख, कोषाध्यक्ष समीर, सदस्य मेघनाथ साहू सहित अन्य जन लगे हुये है।

### चार दिवसीय 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, 28 जनवरी को होगा भूमिपूजन

**पाटन।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार पाटन ब्लॉक यज्ञ आयोजन समिति पाटन द्वारा राष्ट्र जागरण अभियान के तहत 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 12 से 15 फरवरी तक किया जा रहा है। जिसकी तैयारी में गायत्री परिवार जुट गया है। यज्ञ की शुरुआत 28 जनवरी को भूमिपूजन कर की जाएगी। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। कृषि उपज मंडी प्रांगण पाटन के परिसर में गायत्री महायज्ञ में विभिन्न प्रकार के संस्कार निशुल्क संपन्न कराए जाएंगे। 12 फरवरी सोमवार को दोपहर 2 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ यज्ञ की शुरुआत होगी। शाम 5 बजे कलश यात्रा का स्वागत, आरती और संक्षिप्त संदेश दिया जायेगा। 13 फरवरी को सामूहिक जप, ध्यान, योग, साधना के साथ कार्यक्रम प्रारंभ होगा। सुबह 8 बजे देव पूजन, अग्नि स्थापना, गायत्री महायज्ञ, दोपहर 3 बजे कार्यकर्ता संगोष्ठी, शाम 5 बजे युग संगीत और प्रवचन दिया जाएगा। 14 फरवरी की सुबह 6 बजे से सामूहिक जप, ध्यान, आसान, योगाभ्यास के साथ दिन की शुरुआत होगी।

## इंडिया बेस्ट एमएसएमई अवॉर्ड से नवाजे गए संजय गुप्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेक्टर 4 निवासी व्यवसायी संजय गुप्ता को नवी मुम्बई महाराष्ट्र में एमएसएमई कांफ्रेंस के दौरान अवार्ड से नवाजा गया है। यह अवार्ड वर्ष 2023 के लिए संजय को भारत के कंस्ट्रक्शन सेवाएं प्रकोष्ठ में सर्वश्रेष्ठ एमएसएमई व्यवसायी के लिए चीफ फाइनेंशियल अफसर (सीएफओ) आर एक्स आईएल के कैलाश कुमार वरोडिया के हाथों से मिला है। इस दौरान बिजनेसमेन संजय गुप्ता को अवार्ड के रूप में प्रतीक चन्हि देकर सम्मानित किया गया। अवार्ड मिलने पर संजय ने कहा कि इसे लेने के बाद मेरा जीवन का मानो सपना पूरा हो गया है। संजय गुप्ता छतीसगढ के लिए इकलौते बिजनेसमेंन है जन्हिें कंस्ट्रक्शन सेवाएं प्रकोष्ठ में अवार्ड मिला है। कार्यक्रम में सीईओ इंडियन 5000 एमएसएमई और चेयरमेन बिजनेस डेवलपमेंट प्रोमोशन कॉउंसिल केतन वेकारिया , डीजीएम, एसएमई और बीएसई बाम्बे स्टाक एक्सचेंज आनंद चारी, वाईस प्रेसिडेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटिड डॉक्टर शरद लांडे , डॉक्टर एंटोन तोडरो मौजूद थे

## वृंदावन धाम जाकर ग्रामीणों ने लिया साध्वी रितंभरा से आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

जामगांव आर से 28 यात्रियों का समूह वृंदावन धाम तीर्थ यात्रा करने पहुंचा। जहां उन्होंने साध्वी रितंभरा के दर्शन कर आशिर्वाद लिया। नगर के व्यवसायी नरोत्तम भोला साहू के नेतृत्व में 28 धर्म तीर्थ यात्रियों का समूह 9 दिवसीय तीर्थ यात्रा के लिए 28 दिसंबर को वृंदावन मथुरा के लिए प्रस्थान किया। भोला राम ने बताया की बांके बिहारी मंदिर, गोवर्धन पर्वत सहित मथुरा वृंदावन दर्शन की योजना है। जिनकी 5 जनवरी को वापसी होगी।

इस तीर्थ यात्रा में रनचीराई से नरोत्तम भोला, पुरुषोत्तम, देवीलाल, समनलाल, पंचूराम, ओमप्रकाश, भोली बाई, भुवनेश्वरी साहू, मंजू साहू, उषा साहू, नंद कुमारी, कीर्ति बाई, मान कुंवर, रोहिणी साहू सहित अन्य स्थानों से मथुरा पहुंचने के बाद तीर्थ यात्रियों ने विख्यात साध्वी रितंभरा का दर्शन व सानिध्य का अवसर मिला।



## खम्हरिया में बस्तर सहित 11 मंडलियों ने दी मानस गान की मनमोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

विजय मानस गान समिति द्वारा 43वें वर्ष दो दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम खम्हरिया में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस मानस ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया गया।

- 43वें वर्ष का प्रथम दिवस निकाली गई प्रभातफेरी



दो दिवसीय आयोजन के प्रथम दिवस कार्यक्रम में भाजपा दुर्ग जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, पूर्व जनपद सदस्य डॉ. संतराम कुम्भकार, सरपंच उषा वर्मा, पूर्व सरपंच नरेंद्र वर्मा, मुरारी वर्मा सहित गणमान्य जन प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर सेवा समिति द्वारा प्रभातफेरी निकालकर मानस मंच पहुंची जहां मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस बस्तर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 11 मंडलियों ने भाग लिया। रात्रिकालीन कार्यक्रम पंडवानी ऋतु वर्मा एवं रामधुनी का कार्यक्रम रखा गया था। रामायण में प्रमुख रूप से माधव वर्मा, दामोदर चक्रधारी, केशव बंछोर, सागर सोनी, केवल देवांगन प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर कुबेर साहू, दुष्यंत धुरंधर, चंद्रहास वर्मा, भीषम साहू, तामेश्वर साहू, मुकेश यादव, सोहन वर्मा, सितेश्वर वर्मा, प्रवीण मढ़रिया,मोहित पटेल, सुभाष निषाद, राम सिंह चौहान, धरम साहू, हेमंत पटेल, तोषन साहू, वीरेंद्र वर्मा, मोहित पटेल, रितेश बया, जिंतेंद्र साहू, दुष्यंत वर्मा, योगेंद्र साहू, राजेश यादव, विवेक धुरंधर, तोषण साहू, तोरण पटेल, रामेश्वर साहू, युवराज बया निर्णायक, संचालक, मानस मंडली सहित काफी संख्या में ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

### मोंहदीपाट में रात्रिकालिन कबड्डी प्रतियोगिता आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

न्यू आदर्श कबड्डी क्लब एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में एक दिवसीय रात्रिकालिन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम मोंहदीपाट, जिला-बालोद में 1 जनवरी को रखा गया है। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि सुशीला देवांगन सरपंच मोहदीपाट, अध्यक्षता खिलानंद ठाकुर जनपद सदस्य गुण्डरदेही, विशेष अतिथि बिसेसर सिन्हा, वीरेन्द्र कुमार गात्रे व्याख्याता, मुकेश कुमार साहू पूर्व सरपंच, एचएल साहू व्याख्याता, दिलीप कुमार देवांगन बीट फारेस्ट आफिसर सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी पूर्व सरपंच मुकेश साहू ने दी।

## बलिदान दिवस पर निकाली शोभायात्रा, वरिष्ठ जन हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण के अंतर्गत ग्राम खुरसुल में केंद्रीय गोड़ महासभा तहसील स्तरीय आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज परिक्षेत्रीय बोरई के तत्वावधान में शहीद वीरनारायण बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथी पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, जनपद अध्यक्ष देवेंद्र कुमार देशमुख, जनपद सदस्य भाना बाई ठाकुर, सरपंच विक्टोरिया दिल्लीवार, रिवेंद्र यादव सहित ग्राम के योगेश्वर सिंह, द्वारिका नाथ, राजू पोर्ते, जगदीश नेताम, बूढ़ान सिंह, टाकेशवर, रेवाराम, बलीराम उपस्थित थे।

- तहसील स्तरीय आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज ने शहीद वीरनारायण की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण





कार्यक्रम की शुरुआत समाज द्वारा शोभायात्रा निकाल कर की गई। सभी अतिथियों द्वारा शहीद वीरनारायण की मूर्ति पर पुष्पाजंलि आर्पित किया गया। समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह प्रदेश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। जिन्होंने गरीबों की भलाई और देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। श्री साहू ने आगे कहा कि क्रांतिकारी शहीद वीरनारायण के बलिदान और शहादत हमेशा याद की जाती रहेगी। उन्होने कहा आदिवासी समाज एकता के साथ उन्नति की राह में हमेशा आगे रहता है। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया। इस दौरान समाज के प्रमुख व ग्रामीण जन काफी संख्या में उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

# भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव और इंटर्नशिप ड्राइव का आयोजन



**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव और इंटर्नशिप ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें टेक्निकल कंसल्टेंट, सेल्स एक्जिक्यूटिव, ऑपरेशन इंटर्न पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया गया। राइनेक्स टेक्नोलॉजी कंपनी ने टेक्निकल कंसल्टेंट के लिए साक्षात्कार लिया जिसमें बीटेक, बीसीए, एमसीए, डिप्लोमा इंजीनियरिंग और बीएससी कम्प्यूटर साइंस के विद्यार्थियों ने भाग लिया। ग्लैम्स स्टूडियो ने ऑपरेशन इंटर्न के पदों के लिए साक्षात्कार लिया जिसमें सभी स्नातक और स्नातकोत्तर सभी विषयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। क्वेस कोर्प कंपनी ने सेल्स एक्जिक्यूटिव, टेक्निकल कंसल्टेंट के लिए साक्षात्कार लिया जिसमें बीकॉम, एमकॉम, बीबीए, एमबीए, बीसीए और एमसीए के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में एचआर श्रेया और एचआर निर्मला, तरन्नुम परवीन, पंकज अग्रवाल, अनिल द्विवेदी ने विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में लगभग 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुशील चन्द्राकर और कुलपति डॉ. आलोक भट्ट ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। इस कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में कैम्पस प्लेसमेंट प्रकोष्ठ की सदस्य श्रुति राव, अंकिता मेहरा, डॉ. चांदनी अफसाना और हर्ष वैष्णव ने विशेष योगदान दिया। ज्ञात हो कि भारती विश्वविद्यालय समय-समय पर विद्यार्थियों के प्लेसमेंट के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करती है।

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
संदर्भ:- जिला-राजनांदगांव तहसील-डोंगरगढ़ प.ह.न. - 00008 बिलहरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202324420404000004

**ईश्तहार**

तहसील डोंगरगढ़ के प.ह.न. 00008 के अंतर्गत ग्राम बिलहरी के वर्तमान भूमिस्वामी चैतराम पिता/पति-पिता-मिलऊ पता-बिलहरी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1286/1(0.0240), 2855/3(0.0320), 2156(0.0320), 3034(0.1290), 2157/1(0.0080), 3035/1(0.0650), 2159/1(0.0890), 2186/2(0.0400), 1269/1 (0.2830), 2829/3(0.0280), 2183/2(0.0850), 1263 (0.0810), 2194(0.0490) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रेखा बाई पिता/पति-स्व. चैतराम साहू पता-निवासी ग्राम बिलहरी, तहसील डोंगरगढ़, संतराम साहू पिता/पति-स्व. चैतराम साहू पता-निवासी ग्राम बिलहरी, तहसील डोंगरगढ़, शिवप्रसाद साहू पिता/पति स्व. चैतराम साहू पता-निवासी ग्राम बिलहरी, तहसील डोंगरगढ़, सावित्री बाई पिता/पति-स्व. चैतराम साहू पता-निवासी ग्राम बिलहरी, तहसील डोंगरगढ़, देवारिन बाई पिता/पति-स्व. चैतराम साहू पता-निवासी ग्राम बिलहरी, तहसील डोंगरगढ़ के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22/01/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आम मुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/12/2023 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार :
VIJAY KUMAR SAHU
तहसील डोंगरगढ़ (छ.ग.)




यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
- Revision TKR,THR
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
- अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
- विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

# शिविर में 2 हजार से अधिक लोगों ने बनाया आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में पखवाड़ेभर से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जिलेभर में 2 हजार से अधिक लोगों ने सिविर में आयुष्मान कार्ड बनाया है। हालांकि अब केंद्र सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा शुरू कर दी गई है।

भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। कलेक्टर द्वारा अधिक से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिए है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत अब हितग्राही अपना एवं अपने परिवार का आयुष्मान कार्ड मोबाईल एप के माध्यम से स्वयं निःशुल्क बना सकते हैं। इसके लिए राशन कार्ड एवं आधार कार्ड दस्तावेज की आवश्यकता होगी। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए सर्वप्रथम प्ले स्टोर से आयुष्मान ऐप एवं आधार फेस आईडी एप को डाउनलोड कर लें।

इसके बाद आयुष्मान ऐप में लॉगिन पर जायें और बेनिफिसरी विकल्प को चुने। फिर अपना मोबाईल नंबर दर्ज करें एवं ओटीपी डालकर लॉगिन करें। स्टेट छत्तीसगढ़ व स्कीम राशन कार्ड विकल्प का ही चयन करें। सर्च बाय में डिस्ट्रिक में अपना जिला चुने और फैमिली आईडी में राशन कार्ड नंबर दर्ज कर सर्च करें। परिवार के सदस्यों की जानकारी प्रदर्शित होगी, जिन सदस्यों का नाम हरा रंग में होगा, उनका आयुष्मान कार्ड बन चुका है एवं जिन सदस्यों का नाम नारंगी रंग में होगा उनका कार्ड बनाना होगा। उनके नाम के सामने डू ई-केवाईसी विकल्प प्रदर्शित होगा।

डू ई-केवाईसी विकल्प का चयन करें आगे आधार प्रमाणीकरण व सत्यापन हेतु 4 विकल्प आधार ओटीपी, फिंगर प्रिंट, ईरिस स्कैन व फेस एयेंटिफिकेशन प्रदर्शित होंगे। यदि आधार कार्ड से लिंक मोबाईल नंबर उपलब्ध हैं, तो आधार ओटीपी विकल्प का चयन करें और यदि आधार से लिंक मोबाईल नंबर उपलब्ध नहीं हो तो फेस एयेंटिफिकेशन विकल्प का चयन करें। यदि आपके पास फिंगर प्रिंट बायोमेट्रिक डिवाइस उपलब्ध हैं, तो फिंगर प्रिंट विकल्प का चयन कर आधार प्रमाणीकरण पूर्ण कर ले।

## नागरिक अब स्वयं निःशुल्क बना सकते हैं अपना आयुष्मान कार्ड

### शिकायत और सुझाव के लिए नंबर जारी

आधार प्रमाणीकरण के बाद कैप्चर फोटो विकल्प पर जाकर अपना क्लोजअप फोटो कैप्चर करना होगा। इसके पश्चात पता व मोबाईल नंबर की जानकारी भर कर सबमिट बटन पर क्लिक करें। इस प्रकार सबमिट करते ही आपका केवाईसी पूर्ण हो जाएगा। केवाईसी एयेंटिफिकेशन अप्रूवल हो सकता है। एयेंटिफिकेशन अप्रूवल होने पर कार्ड डाउनलोड करें। एयेंटिफिकेशन अप्रूवल नहीं होने पर अप्रूवल होने की प्रतीक्षा करें। अप्रूवल हो जाने के बाद अपना आयुष्मान कार्ड डाउनलोड कर सकते है। आयुष्मान कार्ड के संबंध में शिकायत एवं सुझाव टोल फ्री नंबर 104, 14555 पर दी जा सकती है।



### 6 लाख आबादी ने नहीं बनाया कार्ड

मिली जानकारी अनुसार 2011 के जनगणना के तहत जिले में 16 लाख आबादी दर्ज है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में करीब 4 लाख राशन कार्ड बने हैं। इसके आधार पर ही 16 लाख कार्ड बनाने का टारगेट रखा गया है। अब तक जिले में 10 लाख में आयुष्मान कार्ड बनाया है, वही 6 कोई इस योजना से जोड़ने का टारगेट रखा गया है। केंद्र सरकार द्वारा ऐप लॉन्च किया गया है, जिसके तहत हितग्राही घर बैठे ही मोबाइल के जरिए आयुष्मान कार्ड बन सकता है। यह पहली नवंबर से शुरू हो गई है।

## खबर संक्षेप



### बैठक में गुहा निषाद जयंती मनाने पर चर्चा

दुर्ग। जिला निषाद समाज द्वारा जिला कार्यालय पुलगांव में समाजिक बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला अध्यक्ष डॉ घनश्याम निषाद के नेतृत्व में बैठक किया गया। विशेष चर्चा क्षेत्रीय स्तर पर भगवान गुहा निषाद राज जयंती मनाने व सामाजिक प्रकरणों पर चर्चा हुई। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में दुर्ग शहर नवनिर्वाचित विधायक गजेंद्र यादव दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर का जिला केन्द्रीय कार्यालय में स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष, संगठन के युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### ताराचंद साहू की जयंती आज

दुर्ग। जिला साहू संघ दुर्ग के मार्गदर्शन में युवा प्रकोष्ठ द्वारा स्वर्गीय ताराचंद साहू के जन्म दिवस 1 जनवरी पर उनकी जयंती शाम 4 बजे पुराना बस स्टैंड दुर्ग में मनाई जाएगी। इस अवसर पर युवा प्रकोष्ठ द्वारा बाइक रैली, युवाओं द्वारा सामूहिक रक्तदान, वृद्धाश्रम में फल वितरण एवं खिचड़ी वितरण किया जाएगा। अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, शहर विधायक गजेन्द्र यादव, जागेश्वर साहू, श्रीमती रामशिला साहू, दीपक ताराचंद साहू, जिला सगु संघ अध्यक्ष नंदलाल सगु एवं राजेन्द्र साहू होंगे।

### विभाग के समस्त कार्य पोर्टल पर होंगे अपलोड

दुर्ग । कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने जिला निर्माण समिति की प्रगतिरथ वेब पार्टल के कार्य की समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा के दौरान बताया कि जिला निर्माण समिति के माध्यम से सॉफ्टवेयर बनाया गया है। जिसमें समिति के द्वारा जिले में जितने भी कार्य कार्यान्वित होगा उसकी एंट्री दर्ज की जायेगी। सभी विभाग अपनी एंट्रियां इस वेब पोर्टल में लोक स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन जैसे अन्य विभाग के उपर कार्य करते है। उक्त विभाग कार्य की प्रगति रिपोर्ट व फोटो पोर्टल में अपलोड करेगा यह कार्य विभाग के माध्यम से इंजीनियर के द्वारा किया जाएगा। संबंधित विभाग संबंधित स्थान से यह कार्य किया जायेगा। इस वेब पोर्टल की यूजर आईडी संबंधित विभाग के पास ही रहेगी। बैठक में जिपं सीईओ अश्वनी देवांगन के साथ सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय समिति का गठन

दुर्ग। भारत सरकार सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा पूर्व में लागू की गई तोषण स्कीम 1989 के स्थान पर टक्कर मारकर भागना मोटरयान दुर्घटना प्रतिकर स्कीम 2022 लागू की गई है। जिसके अनुसार कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार समिति के अध्यक्ष कलेक्टर दुर्ग होंगे। सदस्य पुलिस अधीक्षक जिला दुर्ग अनुविभागीय दंडाधिकारी दुर्ग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग, जिला परिवहन अधिकारी दुर्ग तथा सदस्य सचिव साधारण बीमा परिषद द्वारा नाम निर्दिष्ट अधिकारी लखपति बोरकर संभागीय प्रबंधक दुर्ग होंगे।

## मनमानी : लम्बे समय से नगर निगम की एक भी सामान्य सभा नहीं

# दो माह में सामान्य सभा बुलाने का नियम, बगैर चर्चा हो रहा कामकाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिका अधिनियम में हर दो माह में सामान्य सभा बुलाने का नियम है, दुर्ग निगम में बगैर सामान्य सभा के ही कामकाज हो रहा है। कहीं ऐसे मामले हैं जिसमें निगम पर सवाल उठ रहे हैं लेकिन इसके बाद भी निगम ऐसे मुद्दों पर चर्चा करने से बच रही है। निगम को पूरा कामकाज एमआईसी तक ही सिमट कर रह गई है।

नगर निगम में कांग्रेस की जनप्रतिनिधि सामान्य सभा बुलाने को लेकर गंभीर नहीं है, जिसके चलते विपक्ष में बैठे भाजपा के पार्षद अपने आप को जहां ठगा महसूस कर रहे हैं, वही अपने हक के लिए आवाज भी नहीं उठा पा रहे हैं। सामान्य सभा को लेकर निगम की सत्ताधारी कांग्रेस दल बेहद उदासीन है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 के 8 महीना गुजर जाने के बाद निगम द्वारा एक भी सामान्य सभा आयोजित नहीं की गई है। सामान्य सभा को लेकर निगम द्वारा कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई है।

निगम एक्ट के मुताबिक हर 2 महीना के अंतराल में सामान्य सभा रखे जाने का उल्लेख है। जिसका पालन नहीं किया जा रहा है। जानकारी अनुसार वर्तमान वित्तीय वर्ष का 8 माह गुजरने को है। एक भी सामान्य सभा अब तक आयोजित नहीं की गई है। इसके चलते प्रश्नकाल में पार्षदों को अपने प्रश्नों के जवाब से वँचित होना पड़ रहा है।

### आम जनता के विषय पर चर्चा नहीं, निगम में चल रही मिली जुली सरकार

#### बुलाई गई सिर्फ विशेष सामान्य सभा

इन 8 महीने के अंतराल में औद्योगिक इकाइयों पर संपत्ति कर नहीं लगाने (17 अप्रैल) तथा जाति प्रमाण पत्र (12 जुलाई) का अनुमोदन करने केवल 2 विशेष सभा का हुआ था आयोजन किया गया। 12 जुलाई को आयोजित जाति प्रमाण पत्र के लिए बुलाई गई। भले ही विशेष सभा नगर निगम दुर्ग अंतर्गत करोड़ों के विकास कार्य चल रहे है। कई बड़े प्रोजेक्ट भी संचालित है। लेकिन इन कार्यों का अनुमोदन एमआईसी तक सीमित रहा है।




#### विपक्ष नहीं दिख रही मुखर

निगम में बैठी कांग्रेस की सरकार भले ही इस तरफ प्रशासनिक संचालन में लगी है, नहीं दूसरी तरफ विपक्ष में बैठी भाजपा के पार्षद उतना मुखर नहीं हो पा रहे हैं। यही कारण है कि, बहुमत में बैठी कांग्रेस की सरकार विपक्ष को भाव नहीं दे रही है। वर्तमान में राजनीतिक हालात बदल गए हैं और राज्य भाजपा की सरकार बन गई है। ऐसे में माना जा रहा है कि आगे चलकर विपक्ष अब दमदारी से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेगी।

#### कई बड़े मुद्दों में घिरा निगम

नगर निगम में करोड़ों के प्रोजेक्ट अभी संचालित हो रहे हैं। के विषय ऐसे हैं जो वर्तमान में चर्चा का विषय बना हुआ है और निगम इस पर गिरी नजर आ रही है। 16 करोड़ की लागत से बनाया गया तगड़ा बंद को गुपचुप तरीके से निजी हाथों में देना और आचार संहिता के पहले गलत तरीके से पदोन्नति दे देना सहित मिशन क्लीन सिटी में सेटअप से अधिक मनमाने भारती का मामला इन दिनों चर्चा में है। इन तमाम मुद्दों से बचने निगम चर्चा नहीं कर रही है।

## निःशुल्क डायलिसिस से सैकड़ों को मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों की सहायता के उद्देश्य से जिला अस्पताल दुर्ग में एक और पहल की गई। जिला अस्पताल दुर्ग में रोजाना 15 से 17 एवं मासिक आकड़े के अनुसार माह में लगभग 350 से 400 मरीज डायलिसिस के लिए आते है। डायलिसिस करवाने के सीबीटी, आरएफटी, एलएफटी और वाईरल मार्कर (एचसीवी, एचबीएसएजी, एचआईवी इत्यादि) की रिपोर्ट देखी जाती है।

■ हर माह जिला अस्पताल में 400 नागरिक

प्राइवेट अस्पतालों में यह जांच और डायलिसिस कराने पर हजारों रूपए खर्च होते है जो कि आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति व परिवार के लिए एक अतिरिक्त भार है। जिला प्रशासन की पहल से ऐसे मरीज जो किडनी खराब होने की समस्या से पीड़ति है एवं आर्थिक रूप से कमजोर है, उनके लिए निःशुल्क जांच एवं डायलिसिस की सुविधा दी जा रही है।

वर्तमान में डायलिसिस हेतु आवश्यक उपकरणों सहित कुल 5 बेड की सुविधा उपलब्ध है। जिन मरीजों की किडनी खराब हो चुकी है, उन्हे यह सलाह दी जाती है कि वे निजी अस्पतालों में न जाकर जिला अस्पताल में ही निःशुल्क डायलिसिस करवायें।

### पीएमश्री योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

दुर्ग। जिला शिक्षा अधिकारी सह जिला परियोजना अधिकारी के निर्देशानुसार राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट के अनुसार जिला परियोजना कार्यालय दुर्ग के पीएमश्री योजना 2023-24 के अंतर्गत चयनित ग्यारह विद्यालयों में अंशकालीन योगा, स्पोर्ट टीचर एवं कोचेस की नियुक्ति किया जायेगा। खेल शिक्षक व प्रशिक्षक हेतु न्यूनतम स्नातक शारीरिक शिक्षा डिग्री या शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में स्नातक की डिग्री वाले शिक्षकों व प्रशिक्षकों एवं योग प्रशिक्षक हेतु योग से संबंधित प्रमाण पत्र अथवा समकक्ष योग्यताधारी आवेदक अपना आवेदन 3 जनवरी तक जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा दुर्ग की ओर सीधेध पंजीकृत डाक द्वारा आवेदन सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है।

## नव निर्वाचित विधायकों का नागरिकों ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

वार्ड 23 दीपक नगर के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा नव निर्वाचित विधायक गजेंद्र यादव एवं दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर का नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सार्वजनिक श्री हनुमान मंदिर परिसर स्ट्रीट नंबर 3 में आयोजित कार्यक्रम में जिला एवं मंडल के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ-साथ वार्डवासी उपस्थित रहे। सम्मान से अभिभूत विधायकों ने उपस्थित नागरिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की शहर विधायक गजेंद्र यादव ने सार्वजनिक सभागार निर्माण हेतु विधायक निधि से 20 लाख रुपया देने की घोषणा की। इस अवसर पर सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, जिला भाजपा उपाध्यक्ष अरविंद खुराना, शिव चंद्राकर, देवनारायण चंद्राकर, अनूप गटागट, पार्षद श्रीमती मीना सिंह, पूर्व पार्षद विजय जलकारे, नरेश अग्रवाल संदीप मानापुरे, मंडल अध्यक्ष सुनील अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

■ सभागार निर्माण के लिए 20 लाख देने की घोषणा



## हैण्डबाल में गर्ल्स कॉलेज को मिला विजेता का खिताब

दुर्ग। शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की महिला हैण्डबाल टीम ने सेक्टरस्तरीय अन्तर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता में विजेता रही। महाविद्यालय की क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने बताया कि सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय द्वारा आयोजित सेक्टरस्तरीय अन्तरमहाविद्यालयीन महिला हैण्डबाल प्रतियोगिता में शासकीय कन्या महाविद्यालय की टीम ने लीग आधार पर खेले गये सभी मैच में जीत हासिल की। शासकीय कन्या महाविद्यालय की टीम ने शासकीय महाविद्यालय पाटन को 23-0 से, मनसा महाविद्यालय कोहका को 8-0 से तथा सुराना महाविद्यालय को 9-2 से परास्तकर सभी मैच एक तरफा जीत लिए। इस टीम की कु. अदिति, कु. अर्चना, कु. पूनम तथा कु. सोनिया ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। टीम की कप्तान ए.अर्चना थी। हैण्डबाल की इस टीम को ए. प्रियाराव ने प्रशिक्षित किया था। टीम की मैनेजर डॉ. ऋतु दुबे थी। महाविद्यालय की टीम की सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशीलचन्द्र तिवारी तथा प्राध्यापक डॉ. ऋचा ठाकुर, डॉ. सुषमा यादव, प्रोफेसर जागृत ठाकुर ने बधाई दी है।

## नशा मुक्ति अभियान में छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग




साइंस कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना और रेड क्रॉस सोसाइटी एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वधान में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को नशा से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया।

■ राष्ट्रीय सेवा योजना, रेडक्रास व रेड रिबन का आयोजन

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम ए सिद्दीकी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से राष्ट्रीय सेवा योजना तथा रेडक्रास सोसायटी के स्वयं सेवकों ने नशा मुक्ति हेतु युवाओं को जागरूक किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सिद्धिकी ने सभी प्राध्यापकों, अधिकारी एवं विद्यार्थियों को नशा मुक्ति हेतु शपथ ग्रहण कराया। जिसके अंतर्गत उन्होंने संकल्प लिया कि वे भविष्य में नशे से होने वाली हानियों को जानते हुए स्वयं नशे सेवन संबंधी वस्तुओं जैसे तंबाकू, बीड़ी, शराब और सिगरेट से दूर रहेंगे तथा अपने मित्र, परिजनों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे।

इस अवसर पर महाविद्यालय के आईक्यूएसी संयोजक डॉ अनुपमा अस्थाना ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। अर्थशास्त्र विभाग से डॉ. के पद्मावती ने विद्यार्थियों को नशा से होने वाली हानियों के बारे में बताया। डॉ ज्योति धारकर ने बताया कि हमारे युवा नशे के कारण अपनी प्रतिभा का सही उपयोग नहीं कर पा रहे हैं, यदि वे नशा छोड़ दें तो वह अपने परिवार और समाज को बहुत कुछ दे सकते हैं। इसी प्रकार डॉ अनुपमा कश्यप एवं डॉ. सुनीता सावरिया ने अपने विचारों से विद्यार्थियों को लाभान्वित किया। वाणिज्य विभाग से डॉ लाली शर्मा ने स्वस्थ समाज के लिए नशा मुक्ति कितनी आवश्यक है इस पर प्रकाश डाला । इस विषय में समय-समय पर महाविद्यालय में साहित्यिक समिति द्वारा निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता जैसे विविध आयोजन किए जाते हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने जागरूकता लाने के लिए छोटे से नुक्कड़ नाटक का भी प्रदर्शन किया।

## संस्थाओं व जन संगठनों ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# हसदेव जंगल में कटाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पर्यावरण संरक्षण संरक्षण को लेकर कार्यरत जिले के विभिन्न संस्थाओं व जन संगठनों ने विगत दिनों कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा हैं। उन्होंने हसदेव जंगल में पेड़ों की कटाई पर तत्काल रोक लगाने मांग की है।

■ आदिवासियों के दमन की कार्रवाई शुरु करने का लगाया आरोप

साथ ही सरगुजा जिले के उदयपुर ब्लाक में स्थित परसा ईस्ट केते बासेन कोयला खदान परियोजना के प्रभावित ग्राम साल्ही, हरिहरपुर और घाटबर्रा से गिरफ्तार निर्दोष आदिवासी आंदोलनकारियों को रिहा करने तथा रायगढ़ में जिंदल स्टील एंड पॉवर के ठेका श्रमिको पर हुए लाठीचार्ज के मामले कार्रवाई किए की भी मांग रखी। ज्ञापन में कहा गया हैं कि, छत्तीसगढ़ की सत्ता में काबिज होते ही भाजपा सरकार ने अपने चहेते कार्पोरेट को फायदा पहुंचाने और आदिवासियों के दमन की कार्यवाही शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार इसी कारगुजारी के तहत कल सुबह 6 बजे से हसदेव के आंदोलनकारी रामलाल करियाम हरिहरपु, जयनंदन पोर्ते सरपंच ग्राम घाटबर्रा और ठाकुर राम आदि आंदोलनकारी साथियों को पुलिस घर से उठाकर ले गई है। गांव में भारी पुलिस फोर्स को तैनात करके परसा ईस्ट केते बासेन कोयला खदान के दूसरे चरण पेड़ों की कटाई शुरू कर दी गई है। हसदेव अरण्य छत्तीसगढ़ का समृद्ध वन क्षेत्र है, जहां हसदेव नदी और उस पर मिनीमता बांगो बांध का कैचमेंट है, जिससे 4 लाख हेक्टेयर जमीन सिंचित होती है।



### लगाया विश्वासघात का आरोप

छत्तीसगढ़ विधानसभा में दिनांक 26 जुलाई 2022 को अशासकीय संकल्प सर्वानुमति से संकल्प पारित किया था कि, हसदेव अरण्य को खनन मुक्त रखा जाए, मगर इन जंगलों का विनाश किया जा रहा है। नव निर्वाचित भाजपा सरकार को जिस विश्वास के साथ इस प्रदेश और खासकर सरगुजा के आदिवासियों ने सत्ता सौंपी है, सरकार का यह कृत्य उसके साथ सीधा विश्वासघात है।

### एक मंच पर खड़ी हुई दर्जनभर संस्थाएं

संस्था ने वन स्वीकृति को निरस्त करने मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में छग मुक्ति मोर्चा ( मजदूर कार्यकर्ता समिति ), आदिवासी मातृशक्ति संगठन, पीपुल्स फार एनिमल, विचार क्रांति अभियान, हितवा संगवारी, छग जन संघर्ष मोर्चा, पर्यावरण मित्र मंडल, यादव समाज दुर्ग जिला किसान संघ आदि संगठनों के रमाकांत बंजारे, संदीप पटेल, कलादास डेहरिया, उमा सिंह, दिनेश्वरी भुआर्य, लोकेश्वरी ध्रुव, सर्व समाज अध्यक्ष राजेन्द्र रजक, प्रफुल्ल पटेल , धनंजय रोमशंकर यादव, मिलिंद ,गोविन्दा यादव, प्रदीप सिन्हा, चंद्रकला तारम , बालूराम वर्मा ,गुलाब दास, दीपक, नकुल साहू , राजू यादव आदि मौजूद थे।

## कैरियर मार्गदर्शन में जुटे कॉलेज के छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



सेठ आरसीएस कला एंव वाणिज्य महाविद्यालय केआईक्यूएसी एंव प्लेसमेंट सेल द्वारा एक दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता जिलारोजगार एंव स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग उपसंचालक राजकुमार कुर्रे उपस्थित हुए। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को कैरियर मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कैरियर के विभिन्न विकल्पों की जानकारी दी। उन्होंने मुख्यतः प्रशासनिक सेवा के लिए होने वाले विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया तथा सफलता के लिए आवश्यक मूलमंत्रों जै से लक्ष्य का निर्धारण, परीक्षा की तैयारी, दैनिक समाचार पत्रों का अध्ययन, सामूहिक चर्चा, साक्षात्कार इत्यादि के बारे में छात्रों को बताया। उन्होंने कहा कि सभी को शासकीय नौकरी दिया जाना संभव नहीं होता है इसलिए वे स्वरोजगार एवं निजी संस्थाओं में भी अपना कैरियर तलाश कर सकते है। बेहतर कैरियर बना सकते हैं। कार्यशाला में महाविद्यालय के विद्यार्थियों के अतिरिक्त लगभग 27 अन्य महाविद्यालय के विद्यार्थी भी मार्गदर्शन से लाभांवित हुए।

## खबर संक्षेप

### ट्रेलर घुसा कॉम्प्लेक्स में बाल-बाल बचे लोग

**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रहे ट्रेलर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चालते हुए सड़क किनारे बने कॉम्प्लेक्स में जा घुसा। घटना रविवार की सुबह की है। घटना में ट्रेलर ने बाइक व पिकअप को भी चपेटच में लिया। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि सिग्नल पार कर ट्रेलर सीजी 07 आरडी 9337 के चालक ने सड़क किनारे ट्रेलर को पार्क किया। फिर चाय पीने चला गया। इस दौरान अचानक ट्रेलर का हैंडब्रेक ठीक से नहीं लगाया था। इस कारण ट्रेलर ढलान की ओर लुड़कना शुरु कर दिया। ढुलकते हुए ट्रेलर की रफ्तार तेज हो गई और बंशी बाजार कॉम्प्लेक्स में जा घुसा। कांप्लेक्स के बाहर बैठे लोग ट्रेलर को आता देख तुरंत भाग निकले नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की जानकारी लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुची पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर चालक के खिलाफ कार्रवाई किया है। इसके अलावा ट्रेलर ने बाइक, पिकअप को भी ठोकर मार दिया। बाइक और सामान से भरा पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं।

### दो सौ वेतनभोगी कर्मचारियों को मिली नौकरी

**भिलाई।** पीडब्ल्यूडी विभाग के दुर्ग संभाग में करीब 200 दैनिक वेतन भोगियों को नौकरी से अधिकारियों ने निकाल दिया था जिसके बाद सभी कर्मचारियों को कई दिक्क़तों का सामना करना पड़ रहा था। छत्तीसगढ़ राज्य दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी संघ के बैनर तले ये सभी कर्मचारियों ने नवनिर्वाचित वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन से मुलाक़ात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा था। विधायक रिकेश सेन ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर उन्हें निकाले गए कर्मचारियों को वापस लेने निर्देशित किया था नतीजतन सभी को काम पर वापस लिया गया। रविवार को वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के निवास लोकांगन पहुंच सभी कर्मचारियों ने उनका आभार व्यक्त किया।

# पुश्तैनी पेशे से जुड़े कामगारों और शिल्पकारों के मर्मज्ञ हैं विश्वनाथन

## 20 साल से कर रहे हैं शहर के जरूरतमंद शिल्पकारों की बढ़ चढ़कर मदद

जेएम तांडी ▶▶ भिलाई

अख़्तर शीरानी का एक शेर है, जिसे अर्ज़ करना मौजूं होगा 'इन्हीं ग़म की घटाओं से ख़ुशी का चांद निकलेगा, अंधेरी रात के परदे में दिन की रोशनी भी है'। जी, हां यहां एक ऐसे ही शख़्स का जिक्र हो रहा है, जो पुश्तैनी पेशे से जुड़े कारीगरों और शिल्पकारों की अंधेरी ज़िंदगी में उम्मीद की किरण बनकर सामने आए हैं। सुर्खियों से दूर ये शख़्स कोई और नहीं, ये हैं वी विश्वनाथन आचारी जी। सामान्य कद काठी, हिंदी जुबां में दक्षिण भारतीय लहज़ा। न कोई आडंबर, न मन में ख्याति की कामना। उनकी शख़्सियत में कस्तूरी की महक है, जिसे कोई कैद में नहीं रख सकता, खामोशी से किए गए इनके काम भी आख़िर दुनिया के सामने ज़ाहिर हो ही गए। जब-जब बात होती है, पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों की बेहतरी की, तो ये शख़्स मदद के लिए हमेशा उनके साथ खड़े रहते हैं। यह कामयाबी रातोंरात नहीं मिली। विश्वनाथन आचारी ने गरीबी में जीवन बसर कर रहे इन कारीगर और शिल्पकार समूहों को शासकीय संरक्षण देने के लिए वर्ष 2002 में छत्तीसगढ़ स्तरीय विश्वकर्मा महासंघ की स्थापना की। इन समूहों के हितों की लड़ाई आगे भी जारी रही। साल 2004 में तत्कालीन राष्ट्रपति महामहिम एपीजे अब्दुल कलाम के सामने भी इनके लिए पृथक मंत्रालय के गठन की मांग की गई। जिसकी रोशनी में योजना आयोग ने एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर मंत्रालय के गठन के लिए केंद्र सरकार को सिफारिश भेजी। लेकिन, मंत्रालय गठन में कोई ख़ास प्रगति नहीं हुई। अलबत्ता, साल 2010 में भाजपा ने इतिहास में पहली बार कारीगर प्रकोष्ठ का गठन कर राजनीतिक समाधान के लिए एक मंच अवश्य प्रदान किया। विश्वनाथन की संघर्ष यात्रा में और भी कई मोड़ आए। कालांतर में अखिल भारतीय आर्टिजन ट्रेड यूनियन बनी, लेकिन लक्ष्य अभी भी दूर था। फिर साल 2018 में स्थापित किए गए वंशानुगत एवं अदर आर्टिजन डेवलपमेंट फेडरेशन के बैनर तले लगातार कार्यक्रम आयोजित किए गए। आख़िरकार कारीगर प्रकोष्ठ बनने का रास्ता साफ हुआ और आचारी को राष्ट्रीय संयोजक बनाया गया। यहां जिक्र करना लाज़िमी है कि विश्वनाथन आचारी प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के 12 विशेषज्ञों की टीम के सदस्य होने के साथ-साथ प्रदेश संयोजक भी हैं। वे पिछले 22 वर्षों से पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने में अपना सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

### विश्वकर्मा योजना की मिली सौगात



प्रयासों का नतीजा है कि आर्थिक तंगी से जूझ रहे लाखों कारीगरों और शिल्पकारों को देश में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की सौगात दी, जिसका लाभ नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, ताला बनाने वाले, बढ़ई, लोहार, सुनार, राजमिस्त्री, अस्त्रकार, मूर्तिकार, चर्मकार, नाव बनाने वाले, टोकरी-चटाई-झाड़ू बनाने वाले, गुड़िया और खिलौने बनाने वाले, हथौड़े और टूलकिट बनाने वाले एवं फिशिंग नेट बनाने वाले उठा सकते हैं। इससे पहले जितनी भी सरकारें सत्ता में आईं, उनके ज़ेहन में कभी भी इन उपेक्षित कारीगरों और शिल्पकारों को दयनीय हालत से उबारने का विचार नहीं आया। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की भाजपा सरकार वह पहली सरकार है, जिसने इनकी आर्थिक दशा को गंभीरता से लेते हुए यह योजना लॉन्च की। इस योजना के तहत पुश्तैनी पेशे से जुड़े इन लोगों को न केवल निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा, बल्कि इन्हें पेशे से संबंधित टूलकिट भी मुफ़्त में दी जाएगी।



## पेटीएम से ऑनलाइन टिकट बुकिंग होगी

# मैत्रीबाग जू में नए साल का आज मनेगा जश्न, उमड़ेंगे हजारों पर्यटक

### पर्यटकों की सुविधा व मनोरंजन के लिए व्यापक तैयारी की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

मैत्रीबाग में सोमवार को नववर्ष की धूम रहेगी। पर्यटकों की सुविधा और कोविड की दस्तक को देखते हुए टिकट लेने के लिए पेटीएम सुविधा उपलब्ध रहेगी। अनावश्यक भीड़ से बचने पर्यटकों को पेटीएम या दूसरे मान्य यूपीआई एप्स के माध्यम से आनलाइन भुगतान करने पर ही टिकट बुक करने पर सुविधा प्रदान की जाएगी। नए साल पर सैलानियों के लिए जू में व्यापक तैयारी की गई है।

हर साल मैत्रीबाग में भिलाई दुर्ग के अलावा आसपास से लोग जश्न मनाने आते हैं। इस दौरान कोविड भी फिर से पांव पसार रहा है। इसे देखते हुए एहितायतन और पर्यटकों की सुविधा के लिए प्रबंधन द्वारा मैत्रीबाग में टिकट के लिए टिकट काउंटर पर पेटीएम व्यवस्था लागू की जा रही। इससे लोग जहां आनलाइन टिकट बुक कर सकेंगे वहीं गेट पर टिकट चेक करने व काउंटर पर भीड़ की परेशानी भी जाती रहेगी। मैत्रीबाग प्रबंधन द्वारा सैलानियों के लिए यहां 8 पेटीएम सेट की व्यवस्था की जाएगी। मैत्रीबाग प्रभारी डीजीएम एनके दुबे ने बताया कि आनलाइट सुविधा से मैत्रीबाग आने वालों को सुविधा होगी वहीं कोविड में भीड़ में भी नहीं जाना पड़ेगा। मैनपावर की भी बचत होगी। दो दिनों तक पेटीएम आनलाइन सिस्टम की टेस्टिंग की गई है। प्रबंधन द्वारा आनलाइन टिकट बुकिंग के साथ मास्क पहनकर आने की भी अपील पर्यटकों से की गई है। विदित हो कि हर साल एक जनवरी को मैत्रीबाग में करीब पचास हजार लोग घूमने आते हैं। इस साल भी हजारों के आने की संभावना है । इस दिन मैत्रीबाग को बतौर टिकट चार से पांच लाख आय होती है।





### सुरीले संगीत के साथ पर्यटन

नववर्ष के आगाज को देखते हुए उद्यानिकी विभाग द्वारा मैत्रीबाग में पर्यटकों की सुविधा व मनोरंजन के लिए व्यापक तैयारी की गई है। उद्यानवाटिकाओं, लांन और चिड़ियाघर की साफ सफाई की गई है। वन्य प्राणियों के कैज आदि को आकर्षक बनाया गया है। मेन गेट पर गार्ड के अलावा ट्रैफिक के लिए जवान भी तैनात रहेंगे। सायकल स्टैंड व पार्किंग को अपटूडेट किया गया है। अंदर परिसर में स्टीरियो पर मधुर संगीत सुनाई देगा और आकर्षक रंगोली भी सजाई जा रही है।

### झील व प्रगति मीनार में चौकसी

मैत्रीबाग में नववर्ष पर एक जनवरी को पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए एहतियातन सुरक्षा चौकस रहेगी। झील के आसपास सुरक्षा गार्ड के साथ जू के कर्मचारी भी तैनात रहेंगे। प्रगति मीनार पर भी सुरक्षा की दृष्टि से कड़ी नजर रहेगी। जू में वन्य प्राणियों से लोग कैज में खाने पीने के सामान आदि देकर शरारत न करें, इसके लिए भी अतिरिक्त कार्ड नजर रखेंगे।

# अपहरण कर बंधक बनाकर पीटने वालों के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- जामुल ने मामले की जांच में जुटी
- महादेव सट्टा ऐप से जुडा मामला
- घटना में चार लोग शामिल

अपहरण कर युवकों को बंधक बनाकर पिटाने वाले चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 347, 365,294, 506, 323, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल टीआई केशव राम कोसले ने बताया कि हाऊसिग बोर्ड निवासी केवल देवांगन की शिकायत पर विक्की शर्मा, जय शर्मा डिम्पी शर्म और बलवीर सिंह पर कार्रवाई हुई है। विक्की, जय, बलवीर पीड़ित को कम्प्युटर ऑपरेटर की नौकरी लगाने का झांसा देकर उसे पटना (बिहार) लेकर गए। जहां 30 हजार रुपए प्रतिमाह काना पीना रहना अलग से मिलने की बात कही थी। पटना जाने के बाद पीड़ित को पता चला कि महादेव सट्टा ऐप चलाने का काम है। जिसका विरोध करने पर दबाव पूर्वक काम कराने लगे। काम नहीं करने पर वापस भिलाई नहीं लौट पाने कोई सहयोग नहीं करने की तक धमकी दिया करते थे। टीआई ने बताया कि करीब 15-20 दिन के बाद मौका मिलते ही पचना से भागकर भिलाई पहुचे। साथ भागकर आने वाला युवक अमित हलधर को विक्की, जय और बलवीर पहले से पकड़ रखा था। अमित ने पीड़ितों को फोन कर नागसेन विद्यालय हुासिंग बोर्ड जामुल के पास बुलाया। जहां जय शर्मा और उसका पिता विक्की शर्मा, बलवीर सिंह खडे थे।

### 17 हजार भी छीनकर ले गए

पीड़ितों को वाहन में धकेल कर जबरन बैठाया गया। विरोध करने पर तीनों आरोपितों द्वारा गाली गलौज कर रहे थे। वाहन को बलवीर सिंह उर्फ बंटी चला रहा था। तीनों युवकों को कार से विक्की शर्मा के घर नागसेन स्कूल रोड से ले कर गए। जहां तीनों को बंधक बनाकर जोरदार पिटाई की गई। विक्की शर्मा की बेटी डिम्मी शर्मा ने भी युवकों के साथ मारपीट किया। मारपीट का विडियो भी बनाया गया। महादेव सट्टा ऐप का काम छोड़कर भागने से 7 लाख रुपए का नुकसान होने की बात आरोपितों ने कहा। जिसकी भरपाई पीड़ितों से करने के लिए आरोपितों द्वारा कमरे में बंधक बनाकर मारपीट करते रहे। तीनो युवकों के पास जेब में 17 हजार रुपए थे। आरोपितों ने उसे भी छिन लिया। लगातार महादेव सट्टा ऐप के नुकसान की बात कहकर आरोपित धमकी दिया करते थे। बचे 6 लाख 83 हजार रुपए परिवार से वसूलने की धमकी भी दिया करते थे।

# रात को सड़क पर निकले एसएसपी ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



रात में सड़क पर निकल कर एसएसपी राम गोपाल गर्ग वाहनों की चेकिंग करते नजर आए। इस दौरान ट्रैफिक व्यवस्था और नाकेबंदी प्वाइंट का हाल जानने चौक चौराहों पर पहुचे थे। एसएसपी गर्ग पहले भिलाई नगर पुलिस पेट्रोल पंप के सामने की जा रही नाकेबंदी प्वाइंट पर पहुचे जहां पुलिस कर्मियों को दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा एसएसपी मुर्गा चौक, छावनी चौक, जामुल चौक, गुरुद्वारा चौक नेहरू नगर चौक में पहुंच कर ड्यूटी पर तैनात जवानों के पास पहुचा व्यवस्था का जायजा लिया। एसएसपी गर्ग ने चेकिंग स्थानों में पर्याप्त बल, स्टॉपर लगाकर चेकिंग करने, ब्रेथएनलाइजर से चेकिंग के दौरान प्रशिक्षित स्टाफ रखने, मुख्य चौक में चेकिंग ना कर उसके आगे या पीछे स्टॉपर से जिग जैक बनाकर करने की सलाह दी। उन्होंने चेकिंग स्थल में लगा बल सेफ्टी जैकेट जरूर पहने की बात कही है। किसी भी वाहन को दौड़ाकर ना पकड़े दुर्घटना घटित हो सकती है। स्टॉपर में रेडियम लगा हो ताकि स्टॉपर दूर से दिखाई दे। ड्रंक एंड ड्राइव प्रकरण न्यायालय में पेश करे और लाइसेंस निलंबन के लिए ट्रैफिक मुख्यालय भेजने का निर्देश दिया है। इस दौरान चेकिंग अभियान में कुल 195 से अधिक वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। जिसमें 108 तीन सवारी, 4 शराब पीकर वाहन चलाने वाले, 8 प्रेशर हॉर्न वाले वाहन चालक, 40 ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालो और 12 वाहनों को जब्त किया।

## एक शाम स्वागत के नाम ...







**भिलाई।** महापाठ समिति भिलाई और जीवन प्रबंधन समूह द्वारा इस वर्ष भी 31 दिसंबर की शाम हनुमान चालीसा का महापाठ किया गया। महाउत्सव एक शाम स्वागत के नाम में पं. विजयशंकर मेहता सुंदरकांड के माध्यम से व्याख्यान दिया। सेक्टर-5 स्थित संत विजय आडोटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक देवेंद्र यादव ने की। महापौर नीरज पाल, भिलाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर सहित नव उपासना महिला सेवा समिति सदस्य व पदाधिकारीगण मौजूद रहे। इस मौके पर महाप्रसादी का वितरण भी हुआ।

# गिरोधपुरी जा रही पिकअप को 10 चक्का ने ठोका, मितानीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



गिरोधपुरी जा रहे पिकअप वाहन को दस चक्का वाहन ने जोरदार ठोकर मारने से एक महिला की मौत और तीन लोग घायल है। घटना पलारी के पास की है। मृतका और घायल होने वाले सुपेला के रहने वाले है। शव को मरचूरी में रखवा दिया गया है। घायलो का उपचार अस्पातल में जारी है। मिली जानकारी के मुताबिक वार्ड 5 कोसा नगर सुपेला निवासी मीतानीन वर्षा मेश्राम महिला बच्चों के साथ पिकअप सीजी 10 सी 3288 में सवार होकर शनिवार को बाबा गिरोधपुरी धाम घूमने के लिए निकले थे। पिकअप में कुल 13 लोगों में बच्चे भी थे। पलारी पहुचते ही पिकअप वाहन का टायर पंचर हो गया। देर रात होने से वाहन का पंचर बनाने वाला कोई भी नहीं मिला। परेशान महिला बच्चें फिकअप से उतर गए और वाहन को सड़क किनारे लगा दिया। उसके बाद वाहन में वर्षा मेश्राम, वृद्ध महिला, बच्चें सो गए। अन्य लोग किनारे आग तापने लग गए। भोर 3 बजे तेज रफ्तार से आ रही दस चक्का सीजी 14 एमडी 9782 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पिकअप वाहन को जोरदार ठोकर मार दी। घटना में मीतानीन वर्षा मेश्राम की मौत हो गई और महिला और बच्चे बुरी तरह घायल हो गए। घयालों को बलौदा बाजार अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया है। जहां घायलों का उपचार जारी है।

### गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार

वर्षा के शव को मरचूरी में रखवा दिया गया है। पीएम के बाद परिजनों को शव दिया जाएगा। वर्षा के दो बच्चे है। उनका पति राजेश मेश्राम प्राइवेट काम करते है। सोमवार को गमगीन माहौल में राम नगर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार होना बताया जा रहा है। घटना की खबर लगते ही कोसा नगर में मातम पसर गया है। अपने परिजनों का हाल जानने के लिए लोग पलारी पुलिस से संपर्क करते रहे।

## सेन समाज की दुर्ग संभाग स्तरीय हुई बैठक

# समाज की मजबूती से ही होगा सबका विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

छत्तीसगढ़ प्रांत सेन समाज का दुर्ग संभाग स्तरीय बैठक शनिवार को राजनादगांव में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव के सांसद सतोष पांडेय उपस्थित रहे। बैठक में दुर्ग संभाग के तहत आने वाले सभी जिलों से सेन समाज के जिला अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी और समाज के वरिष्ठ लोग उपस्थित थे। बैठक में समाज को विकास की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक का शुभारंभ इष्टदेव संत शिरोमणि सेनजी महाराज की पूजा अर्चना से हुआ। कार्यक्रम तीन सत्र में हुआ। स्वागत भाषण राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष शेषनारायण शांडिल्य ने दिया। बैठक में आए अतिथियों का प्रतीक चिन्ह, पुष्पहार व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।



### प्रांतीय कार्यकारिणी की घोषणा

द्वितीय सत्र में प्रांत कार्यकारिणी के लिए सभी जिला अध्यक्षों की उपस्थिति में प्रांत पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की गई। दुर्ग संभाग अध्यक्ष शिव कुमार सेन (राजनांदगांव) प्रांतीय उपाध्यक्ष ऋषि कुमार सेन (बेमेतरा) प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य संतोष सेन (दुर्ग ), संतोष श्रीवास बालोद, मोहनलाल सेन (बेमेतरा), मन्नूलाल सेन (कवर्धा), बंशीलाल सेन (खैरागढ़), प्रवीण कौशिक (राजनांदगांव), गोपाल सेन (मोहला) , संभाग के सेलून संघ अध्यक्ष दुर्ग अशोक सेन, मोहला हेमन्त भारद्वाज, बालोद मुकेश कौशिक, दानेश्वर सेन, सहदेव सेन, रामकुमार श्रीवास,विजय सेन। संभाग से प्रांत के लिए महिला प्रकोष्ठ प्रभारी राजनांदगांव निशा श्रीवास, केशरी श्रीवास, पायल सेन,संतोषी सेन, बालोद भीमेश्वरी शाण्डिल्य, फूलकुंवर भारद्वाज, राजेश्वरी कौशिक,ऊषा सेन, इंद्र कला सेन को मनोनीत किया गया।

### कोई भी काम ब्राम्हण व नाई के बिना पूर्ण नहीं होताः सांसद पांडेय

मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे ने समाज की एक रुपता पर जोर दिया और कहा कि समाज का कोई भी कार्य बिना ब्राह्मण और नाई के पूर्ण नहीं होता है। जन्म से मृत्यु तक के कार्यों में नाई की बहुत आवश्यकता मानी जाती है। आप सभी को अपनी ताकत को पहचान कर संगठित होकर रहना होगा। अभी हाल ही में आपके समाज का बेटा रिकेश सेन वैशाली नगर विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुआ है। समाज के प्रातांध्यक्ष पुनीतराम सेन ने कहा कि सब मिलकर समाज को एक नई सोच के साथ दशा और दिशा प्रदान करेंगे। समाज में प्रतिभा की कमी नही है। अभी तो हमारे समाज का एक व्यक्ति विधान सभा में गया है, आने वाले समय में तीन से चार लोगों को भेजेंगे । लोकसभा के लिए भी मांग करेंगे। गांव गंवई, सेलून, महिला, युवा, शिक्षित अशिक्षित, कलाकार सबके लिए एक एक मंच का निर्माण किया जाएगा। प्रांतीय सचिव भुवन लाल कौशिक, कोषाध्यक्ष किशन सेन, पूर्व प्रांत अध्यक्ष विनोद सेन, चुनाव प्रभारी खम्मन लाल शांडिल्य ने भी अपने विचार रखे।

# राम नाम के प्रभाव से महान हुए भक्तः दीदी मां मंदाकिनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



- चरौदा में श्रीराम किंकर महाराज के जन्मशती महोत्सव में जुटे श्रद्धालु

श्रीराम किंकर शिष्य सेवा समिति के तत्वावधान में सामुदायिक भवन चरौदा में 5 दिवसीय कार्यक्रम युग तुलसी श्री राम किंकर महाराज के जन्मशती महोत्सव के रुप में मनाया जा रहा है। आयोजन में महाराज श्री की उत्तराधिकारी पुत्री दीदी मां मंदाकिनी श्रीराम किंकर द्वारा अवधधाम से 1 नवंबर से पूरे वर्षभर महाराज के जन्म 100 वें वर्ष को जन्मशती महोत्सव मनाने का आह्वान किया गया है। देशव्यापी आयोजन के तहत भिलाई शिष्य परिवार द्वारा रामकथा आयोजन के पहले दिन श्रीराम नाम लेखन पुस्तिका कलम वितरण व संकीर्तन के साथ लेखन का सामुहिक कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इसमें बच्चों, युवा और महिलाओं से श्रद्धा व उत्साह से भाग लिया।

दीदी मां मंदाकिनी ने अपने प्रवचन में कहा कि राम नाम महिमा को भगवान गणेश, वाल्मीकि, ध्रुव, भक्त प्रहलाद सब प्रभु के नाम के प्रभाव से ही महान हुए। भगवान शिव सौ करोड़ रामायण में मात्र दो अक्षर राम नाम को ही लिया। समुद्र मंथन में निकलने वाले विष को भगवान शंकर के पास भेजा गया तो शिव ने कहा भगवान ने भेजा है तो वह प्रसाद है। भगवान से पूछा गया तो कहा कि शिव रामनाम अमृत लिया है । अमृत की परीक्षा हलाहल द्वारा शिव ने पचा लिया। अमृत सुख का प्रतीक है। विष दुख का केंद्र है। सुख को सब पाना चाहते हैं। राम सबके ह्दय में हैं। दीदी मां मंदाकिनी ने दूसरी दिन रामकथा में ईश्वर के संदर्भ में निर्गुण और सगुण दो मतों का उल्लेख करते हुए पुष्पवाटिका में सियाराम प्रथम दर्शन को रेखांकित किया।

# नेत्रहीन चाचा बना मकसद, 198 लोग देख रहे दूसरों की आखों से दुनिया

आलोक तिवारी ⏭ भिलाई

छह साल पहले एक दोस्त के चाचा नेत्रहीन थे। उनकी तकलीफ को दूसरे दोस्त देखते तो बड़ी पीड़ा होती। आखिकार दोस्तों के इस समूह ने नेत्रहीनों की मदद करने को अपना मकसद बना लिया। इन दोस्तों का समूह नेत्रहीनों की जिंदगी में ऐसा बदलाव ला रहा है कि वे भी दुनिया देख सके। वर्ष 2017 से अब तक छत्तीसगढ़ प्रदेश में 198 नेत्रहीन दूसरो की आखों से दुनिया देख रहे हैं। नवदृष्टि फाउंडेशन के बैनर तले यह समूह नेत्रदान में एक मिसाल बन चुका है।

## नवदृष्टि फाउंडेशन के बैनर तले दोस्तों का समूह ला रहा है समाज में बदलाव

### इस तरह प्रेरित करते हैं नेत्रदान करने

नवदृष्टि फांउडेशन दुर्ग भिलाई ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में नेत्रदान कैपेन चला रहा है। इस कैपेन के लिए हर जाति का एक -एक सदस्य जुड़े हुए हैं। किसी व्यक्ति का एक्सीडेंटल डेथ होती है तो उस जाति का सदस्य हैंडल करता है। वह अपने नाते-रिश्तेदार से संपर्क कर मैसेज से यह पता कर लेता है कि मृतक किसका रिश्तेदार है। मृतक परिवार से संपर्क कर उन्हे नेत्रदान करने के लिए प्रेरित करते हैं।



## इन केसों से मिली आखों को ज्योति

**1**
डोंगरगांव के प्रांजल ताम्रकार अपने रिश्तेदार से मिलने भिलाई आए थे। 19 साल के प्रांजल की मोटर साइकिल डिवाइडर से टकरा गई और उसकी स्पॉट डेथ हो गई। वर्तमान में प्रांजल की आखों से नेत्रहीन की आखों को ज्योति मिली।

**2**
धमतरी के शक्ति सिंह अपने रिश्तेदार से मिलकर वापस जा रहे थे। उनकी बाईक सामने से आ रही दूसरी बाईक से भिड़ गई। जबर्दस्त भिड़त से शक्ति सिंह की स्पॉट डेथ हो गई। सिंह की आखें दान करवाई गई। जिससे एक नेत्रहीन व्यक्ति दुनिया देख रहा।

**3**
दुर्ग निवासी गोपाभाई की सड़क दुघर्टना में आकस्मिक मौत हो गई। 58 वर्षीय गोपाभाई डोंगरगांव शादी में शामिल होने अपनी एक्टिवा से जा रहे थे। सामने से आ रही बाईक से भिड़त हो गई और मौके पर ही उसने दम तोड़

### स्कीन व आर्गन डोनेशन में भी अग्रसर

नवदृष्टि फाउंडेशन नेत्रदान के साथ ही अब देहदान करवाने में भी अपनी भूमिका निभा रहा है। फांउडेशन के सदस्य राज आढ़तिया बताते हैं कि अब तक 14 लोगों का देहदान मेडिकल कॉलेजों में किया जा चुका है। जिससे मेडिकल विद्यार्थी के अध्यापन में काम आ सके। एक स्कीन डोनेशन और एक आर्गन डोनेशन भी करवाया जा चुका है।

**100 से ज्यादा रक्तदान कर चुके चार दोस्त :** दोस्तों के समूह में चार लोग ऐसे हैं जो जरूरतमंदों के लिए 100 से अधिक बार रक्तदान कर चुके हैं। जो अपने आप में रिकार्ड हैं। राज आढ़तिया, मोहित अग्रवाल, फणेन्द्र जैन और गोपाल गुप्ता ने ब्लड डोनेट का यह रिकार्ड बनाया है। प्रत्येक दोस्त ने 100 से ज्यादा लोगों को रक्तदान देकर उनकी जान बचाने में योगदान दिया है।

**प्रदेश में 92 दोस्तों का समूह**
प्रदेश में कुल 92 दोस्तों का समूह है जो समाज में बदलाव के लिए समर्पित हैं। भिलाई, दुर्ग, रायपुर, धमतरी, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर व दंतेवाड़ा में इन दोस्तों का समूह आई डोनेशन कैंपेन में हैं। मप्र के अनूपपुर और सागर में भी इस समूह से हाल ही में नए दोस्त जुड़े हैं।

## बदलाव : दुर्ग के दारगांव में कश्मीरी एप्पल बेर की पैदावारी

# बंजर जमीन को किसान ने बदला कश्मीरी एप्पल बेर के जंगल में

देवीलाल साहू ⏭ भिलाई

दुर्ग के धमधा ब्लॉक में एक छोटा सा गांव दारगांव। यहां एक किसान ने बंजर जमीन को काश्मीरी एप्पल बेर के जंगल में बदल दिया। 15 एकड़ क्षेत्रफल में यहां कश्मीरी बेर लहलहा रहे हैं।

कश्मीरी एप्पल बेर की पैदावारी कर कृषक विजयकांत तिवारी सालाना 10 लाख रुपए की आय अर्जित कर रहे हैं। लाजवाब स्वाद की खासियत वाले इस कश्मीरी एप्पल बेर की डिमांड न केवल छत्तीसगढ़ में बल्कि दिल्ली, बेंगलोर, भुनेश्वर और नागपुर तक है।


दारगांव में काश्मीरी एप्पल बेर की ऐसे हो रही है खेती। इनसेंट में कृषक विजयकांत तिवारी।

### बंजर जमीन पर सोलर सिस्टम से पैदावारी

दारगांव के जिस जमीन पर इन दिनों काश्मीरी एप्पल बेर के जंगल दिखाई दे रहे हैं यह तीन साल पहले पूरी तरह बंजर था। इस बंजर जमीन को किसान ने अपनी आय का जरिया बना लिया। उन्होने यहां सोलर सिस्टम से बिजली की कमी पूरी की। कई बोर करवाने के बाद भी केवल एक बोर में ही पानी निकला। बड़े क्षेत्रफल में लगे हजारों पौधों को पानी देकर बड़ा करने की चुनौती किसान विजयकांत के सामने थी। पौधों को ड्रिप एरीकेशन सिस्टम से पानी देकर बड़ा किया।

### एक पेड़ में 40 से 50 किलो की होती है पैदावारी

काश्मीरी एप्पल बेर के पौधे कृषक विजयकांत ने कोलकाता से लेकर आए। वे बताते हैं कि एक पौधा 10 महीने में पेड़ बन जाता है और फलने लगते हैं। एक पेड़ में 40 से 50 किलो की पैदावारी होती है। एक बार पेड़ लगने के बाद यह पांच साल तक फल देता है। इसलिए यह आय का अच्छा जरिया है। जून जुलाई महीने में फूल व फल आते हैं। दिसंबर महीने में फल तैयार हो जाते हैं और उसकी तुड़ाई होने लगती है।

### यह है काश्मीरी एप्पल बेर की खासियत

सेब जैसा आकार और टेस्ट भी जुदा काश्मीरी एप्पल बेर मार्केट में बिकने वाले आम बेर से बिल्कुल अलग है। एक बारगी इसे देखने पर ऐसा प्रतीत होता है कि कहीं कहीं यह कश्मीरी सेब तो नहीं है। कश्मीरी सेब जैसा दिखने वाला यहबेर छोटे से गांव दारगांव में उत्पादित हो रहा है। सूबे में इस किस्म के बेर की खेती पहली बार हो रही है। एपल बेर दिखने में कश्मीरी सेब की तरह ही नजर आता है। जो लाल दिखता है। स्वाद इतना लाजवाब है कि एक बार खाने के बाद दूसरा बेर पंसद न आए। बॉक्सतत्कालीन सीएम बघेल ने की थी सराहना दारगांव में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुंचे तो उन्होने कृषक विजयकांत का काश्मीरी एप्पल सेब का बगीचा भी देखा। यहां उन्होने किसान की उन्नत तकनीक और लीक से हटकर खेती कर काश्मीरी एप्पल बेर को आमदनी का जरिया बनाने पर सराहना की। बघेल ने बेर का स्वाद भी लिया।

### उन्नत खेती को प्रोत्साहन



उद्यानिकी विभाग द्वारा उन्नत खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। दारगांव का काश्मीरी एप्पल बेर पूरे प्रदेश में फेमस है। लोकल व छत्तीसगढ़ की बड़ी मंडियों में ही इसकी खपत हो जाती है। यहां से महानगरों में इस बेर की ज्यादा डिमांड है।

-पूजा साहू, उपसंचालक उद्यानिकी

# फील परमार्थम: जहां मजलूम भूल जाते हैं बेसहारा होने का दर्द



विमलशंकर झा ⏭ भिलाई

बेघर होने के बाद उसके लिए शहर का फुटपाथ ही उसका बसेरा था। नियति ने उस बेसहारा करने के साथ बड़ा क्रूर मजाक किया। एक तो मुफलिसी, उस पर एक एक कर अपनों ने मुंह फेर लिया। लेकिन समय का चक्र और तकदीर का खेल देखिए कि उसे स्नेह और मदद के जज्बे से भरे उन पराये लोगों ने सहारा और संबल दिया, जो उसके अपने नहीं थे। यह दास्तान कुछ वक्त पहले तक पेट की आग बुझाने भिलाई की सड़कों पर घूमने वाली शारीरिक रुप से कमजोर गरीब अबला बुधियारिन बाई की है, जिसकी दुनिया अब बदल चुकी है। खुशकिस्मत बुधियारिन जैसे असहाय, गरीब और मानसिक तौर पर अनेक कमजोर लोगों के लिए भिलाई का फील परमार्थम फाउंडेशन आश्रम दूसरा घर साबित हो रहा है। सेवा और संवेदना का यह आश्रय स्थल न सिर्फ ट्विनसिटी बल्कि अंचल के बेसहारों और हादसे में आहत लोगों के लिए होम कम हास्पिटल और संजीवनी बना हुआ है तथा यहां के सेवाभावी सेवादार देवदूत बने हुए हैं। सेक्टर 3 भिलाई में संचालित फील परमार्थम फाउंडेशन आश्रम की स्थापना और यहां सेवाभाव की कहानी संघर्षपूर्ण तो है ही प्रेरक भी है। फाउंडेशन के संस्थापक ट्रस्टी आइटीएम यूनिवर्सिटी से इलेक्ट्रीकल में बीटेक व सोशल वर्क में मास्टर्स अमितराज ने 2018 में जब एक गरीब वृद्धा को फुटपाथ के कूड़ेदान से जूठन खाते देखा और अम्मा नामक एक विक्षिप्त महिला की ठंड से मौत हो गई तो इतने द्रवित हुए कि उन्होंने अपने कुछ दोस्तों के साथ 2020 को निराश्रित और मानसिक रुप से बीमार लोगों के लिए सेक्टर 3 में फील परमार्थम आश्रम खोला। मानवीय आस्था और सेवा तथा संवेदना से लबरेज इस शेल्टर में सेवादार शहर व आसपास घूम घूमकर फुटपाथ में खानाबदोश, विक्षिप्त और सड़क दुर्घटनाओं में घायल गरीबों को न सिर्फ आसरा दिया जाता है वरन उनका यहां उपचार भी कराया जाता है। वर्तमान में इस आश्रम में 54 मुफलिस व मजलूम रह रहे हैं। इनमें 27 पुरुष और 27 महिलाएं हैं। इन सभी का सेवाभाव से भरे अजनबी सेवादारों से दर्द का रिश्ता का रिश्ता है। गहरे समाजिक सरोकार से जुड़े इस सेवाभावी संस्था को शासन व समाज से भरपूर हौसलाआफजाई की जरुरत है।

### सर्वसुविधायुक्त आश्रम में 110 को मिला सहारा



सर्वसुविधायुक्त इस परमार्थाश्रम संचालक मात्र 31 वर्षीय अमितराज अपने साथियों के साथ पारिवारिक वातावरण में दुखियारों की तीमारदारी किसी परिजन की तरह स्नेह से करते हैं। परवरिश व उपचार के लिए बीएसपी द्वारा दिए गए आश्रम के भवन में हाल, 4 बड़े कमरे,डायनिंगरुम, डिस्पेंसरी, किचन, बाथरुम, प्रार्थना स्थल व टायलेट आदि सभी सुविधाएं हैं। दोनों जून भोजन, नाश्ते के साथ यहां क्रिकेट, कैरम,फुटबाल आदि खेल, भजन आदि मनोरंजन की भी सुविधा है। एक एंबुलेंस है,जिसमें दुर्घटना में घायल व जरुरतमंद पीड़ितों को यहां लाया जाता है। इनका अस्पतालों में निशुल्क इलाज भी कराया जाता है। डां. एसके शर्मा, डां. भारतेंदु त्रिवेदी, डां. मानसी गुलाटी, डां. राजशेखर. डां. पंकज गुप्ता निशुल्क सेवाएं देते हैं। सेवादारों में बलविंदर कौर, गीता साहू, अजय चौधरी, करण लक्की व नर्स भारती, संदीप गुप्ता, एम लक्ष्मी, पारूल तिवारी, अजय मंडल, अमन नैय्यर, गणेश सिंह, दे वेणु, मयंक शिंदे और पिंकू आदि शामिल हैं। अमितराज बताते हैं कि अब तक हमारे द्वारा भिलाई दुर्ग व आसपास के फुटपाथ में 110 भटकने वाले व मानसिक बीमारों रेस्क्यू किया जा चुका है। बीस लोगों स्वस्थ होकर घर भी जा चुके हैं। चौदह लोगों का देहांत हो चुका है।

### हमें देवदूतों ने दिया नवजीवन



परमार्थम आश्रम में आश्रय पाने वालीं निशक्त 60 वर्षीय बुधियारिन बताती हैं कि 5 साल से सुपेला में घूमकर 2 टाइम की रोटी जुटा रही थीं। देवदूतों में मुझे यहां परिवार की तरह सहारा दिया। दुर्ग के अनाथ सीताराम बताते हैं कि यहां पहुंच लगा कि मैं अनाथ नहीं हूं। दुर्ग स्टेशन में गुजारा करने वाले बेसहारा 70 वर्षीय सीमांचल को आवारा कुत्तों ने जख्मी कर दिया। तड़पता देख उन्हें यहां रखा गया व हाथ का आपरेशन भी किया गया। मानसिक रुप से बीमार परिवार से बिछुड़े मुंगेली के सीताराम को वाहनचालक ने कुचल दिया तो उपचार के बाद घर के साथ नया जीवन भी मिला। वे बताते हैं कि जिनसे कोई रिश्ता नहीं था, परिजनों से बढ़कर मदद की।

### मानव सेवा भी माधव सेवा है



मानव सेवा ही माधव सेवा है। इसी जज्बे से बेसहारों और मानसिक बीमारों की मदद और उपचार के लिए हमने फील परमार्थम के माध्यम से पीड़ितों की सेवा का मिशन शुरु किया है। दुर्घटनाओं में घायलों को भी रेस्क्यू कर उपचार करवाते हैं। प्रदेश में हजारों मानसिक रोगी हैं, जिन्हें सरकारी व समाज की मदद की जरुरत है। हमारी छोटी सेवा से अन्य लोग भी आगे आएं, तो मिशन सफल होगा।

-अमित राज,
मुख्य ट्रस्टी फील परमार्थम

# हरियाली के चित्रकार ने रचा हरीतिमा का संसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



ग्रीन सिटी के नाम से जाने जाने वाली इस्पातनगरी की खूबसूरती की एक बड़ी वजह इसका हराभरा होना है। शहर को हराभरा बनाने में भिलाई इस्पात संयंत्र की तो बड़ी भूमिका है ही, साथ ही हरीतिमा के कुछ ऐसा चित्रकार भी हैं,जो हरियाली के रास्ते पर वर्षों से चल रहे हैं। पर्यावरण मित्र के नाम से चर्चित भिलाई के बालूराम वर्मा एक ऐसे ही प्रकृतिप्रेमी हैं, जिनके लिए पर्यावरण संरक्षण कार्य एक मिशन और जुनून बन चुका है।

शहर को हराभरा बनाने में तीन दशक से अधिक समय से योगदान देने वाले भिलाई इस्पात संयंत्र से सेवानिवृत्त 62 वर्षीय बालूराम वर्मा अपने आप में हरियाली की एक संस्था हैं। अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर व प्रदूषणमुक्त बनाने के लिए वे न सिर्फ खुद लाखों पौधे लगाने के साथ लोगों को निशुल्क बांट चुके हैं बल्कि हजारों लोगों को जागरुक भी कर रहे हैं। बीएसपी, स्कूलों, उद्यानों व सड़कों के किनारे आदि में पौधे लगाने के पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनके योगदान व वेस्ट से बेस्ट बनाने के अनूठे कार्य के लिए बीएसपी सहित कई संगठनों द्वारा उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। खुद के पैसे लगाकर निस्वार्थ रुप से 1990 से समर्पित श्री वर्मा अब तक शहर में विभिन्न प्रजाति के करीब 3 लाख पौधे लगा चुके हैं या फिर निशुल्क वितरित कर चुके हैं। उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने की प्रेरणा आयुर्वेद में डिप्लोमा करने व 1983 में भिलाई इस्पात संयंत्र में नौकरी लगने के दौरान डस्ट के प्रदूषण की चिंता से मिली। स्वच्छता के लिए उन्होंने धीरे धीरे पौधे लगाने के साथ बीएसपी से रिक्शा लेकर टाउनशिप में 2006 से 8 तक डोर डू डोर कचरा उठाने का काम भी किया। कचरे के खाद से अपने सेक्टर 6 एवेन्यू डी निवास पर छोटी नर्सरी भी तैयार की। 36 साल एसएमएस 2 फिर ढाई साल मैत्रीबाग में नौकरी करते हुए बचे समय में यह सब एक श्रमसाध्य कार्य था। अपने सेवाकाल में वेतन का 25 प्रतिशत पैसा अपने हरितिमा मिशन पर लगाया। पर्यावरण के क्षेत्र में उनके निस्वार्थ कार्य को देख बीएसपी के प्रकृतिप्रेमी आधिकारियों ने उन्हें प्रोत्साहित किया। 2017 में तत्कालीन सीईओ एम रवि ने उन्हें बड़ी नर्सरी विकसित करने रशियन काम्पलेक्स सेक्टर 6 में एक बड़ी जगह व पानी व बिजली की मदद दिलाई।

### नर्सरी में हजारों फलदार पौधे

दोस्तों और घर परिवार से वक्त निकालकर अपने इस सामाजिक सरोकार के कार्य में झोंकने वाले बालूराम वर्मा की अनूठी नर्सरी उनके हरियाली मिशन की प्रतीक है। यहां पचासों प्रजाती के करीब 25 हजार पौधे लगे हैं। सैकड़ों पेड़ बड़े हो चुके हैं। यहां लगे फलदार, फूलदार व औषधीय पौधो में आम, जाम, आंवला, नीबू, अनार, पपीता, हर्रा, बहेरा, बादाम, गुड़हल, फैशन फ्रूट, सिंगापुर बेरी, चीकू, शहतूत, चंपा, टिकोमा, सिंदूर, गुलाब आदि अनेक जातियों के पौधे हैं। यहां कई पक्षी व तितलियां भी आती हैं। नर्सरी में पौधे तैयार करने व वितरण का तरीका भी प्रेरक है। श्री वर्मा बताते हैं पौधों को वितरित करने व रखने के लिए वे वेस्ट से बेस्ट बनाते हुए कचरे का उपयोग करते हैं। जैविक खाद यहीं बनता है और डिस्पोजल, ग्लास, दूध, आटा व तेल आदि के फेके गए कचरे को बीन कर इनका उपयोग पौधों को रखने के लिए करते हैं। जंवारा विसर्जन के मटकों को भी जमा कर रखा है, जिन्हें आकर्षक कलर कर पौधे तैयार कर लोगों व संस्थाओं को निशुल्क उपहार देते हैं। नर्सरी में निशुल्क लोगों को पौधे लगाने व ग्राफ्टिंग आदि का प्रशिक्षण भी दे रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के उत्कृष्ट योगदान के लिए बालूराम वर्मा को बीएसपी का वृक्षमित्र सम्मान सहित रोटरी व इंजीनियर इस्टीट्यूट तथा कुर्मी समाज आदि संस्थाओं द्वारा भुइयां और गौरव सम्मान, भिलाई रत्न आदि पुरस्कार मिल चुके हैं।

## घुमंतू गायों व डॉग्स के लिए 240 दिनों से दे रहे भोजन

# गौ सेवा ही गोविंद सेवा के भाव से युवा बेजुबां पशुओं को करा रहे हैं भोजन

संगीता मिश्रा ⏭ भिलाई

नए साल में उम्मीद की नई किरण व ऊर्जा के साथ हर कोई अपने जीवन में बदलाव कर जीवन जीने का चाह रखता है। लेकिन विरले लोग ही दूसरों के बारे में खासकर बेजूबां जानवरों के जीवन को सहेजने की सोच रखकर उनकी सेवा करते है। गौ सेवा ही गोविंद सेवा के भाव को लेकर दुर्ग के सेवाभावी युवा अभिजीत पारख व उनकी टीम लगभग 240 दिनों से लगातार गौ सेवा का कार्य कर उन्हें भोजन मुहैया कराते हुए समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन रहे है।

### गोविंद सेवा करने जुटे युवा

आजकल के युवा महंगे मोबाईल, आउटिंग, फर्राटेदार बाईक व जब तब दोस्तों के साथ पार्टी कर नशे में डूबकर पैसो की बर्बादी करते है तो वहीं दुर्ग-भिलाई के युवाओं की टीम गाय, स्ट्रीट डॉग्स, जन सेवा व धार्मिक कार्य करने निरंतर जूझते रहते है। ऐसे ही युवाओं की टीम का नाम है डोनेट थोड़ा सा। 29 वर्षीय अभिजीत पारख पिछले 10 सालों से समय-समय पर जरुरतमंदों के चेहरों पर खुशियां बिखेरने का कार्य करते आ रहे है इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए डोनेट थोड़ा सा संस्था द्वारा उनके प्रोजेक्ट गौ सेवा ही गोविंद सेवा केउद्देश्य को लेकर मार्च-अप्रैल 2023 से गौ माता और स्ट्रीट डॉग्स का पेट भरने भोजन कराने का कार्य कर रहे है।

### सेवा कार्य से मिला रोजगार

अभिजीत ने बताया कि शुरुवात में गौ सेवा के साथ जरुरतमंद को रोजगार मिल सके इस विचार के साथ गौ ग्रास के लिए 100 से डेढ़ सौ रोटियों व गुड़ का टारगेट था जिसके लिए एक महिला को रोटियां बनाने का जिम्मा दिया गया जिसके चलते उसे रोजगार मिला। इस कार्य के 100वें दिन पूरा होने पर गौशाला व घूमंतू गायों के लिए 56 भोग लगाए गए। जिसमें विभिन्न प्रकार की सब्जियां, कच्चे अनाज, फल, रोटी सहित उनकों भोजन कराया गया था। उसके बाद से प्रतिदिन एक गाय के लिए 4 रोटी, गुड़ के हिसाब से दो सौ रोटी बनाकर अलग अलग एरिया में खिलाने का कार्य युवाओं द्वारा किया जा रहा है।

